R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 180 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार, 09 जून 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## खबर संक्षेप

### पुणे में नाबालिगों सहित 156 को हिरासत में

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक पार्टी में छापामारी कर नाबालिगों सहित 156 लोगों को



हिरासत में लिया, साथ ही 85 लाख रुपए का गांजा और गैर-कानूनी हुक्का फ्लेवर भी जब्त किया। क्राइम ब्रांच ने रविवार तड़के लोनीकंद पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आ ने वाले तुलापुर इलाके में कथित अनधिकृत पार्टी पर छापामारी की।

### दार्जिलिंग में नदी में गिरी कार, 4 लोगों की मौत

दार्जिलिंग। सिक्किम और बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर हुआ एक दर्दनाक हादसा 7 जून



को भारी मातम में बदल गया। गंगटोक से सिलीगुड़ी जा रहे एक ही परिवार के 4 सदस्यों के शव तीस्ता नदी में डूबी एक टाटा नेक्सॉन कार से बरामद कर लिए गए हैं।मृतकों की पहचान स्मारिका न्यौपाने , सैब्या न्यौपाने, जीका दहल और मासूम दित्या के रूप में हुई है।

### इवेंट के दौरान युवक की मौत, महिला बीमार

मुंबई। मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार तड़के एक म्यूजिक इवेंट के दौरान एक 28 वर्षीय युवक की



मौत हो गई, जबकि एक महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जांच में ड्रग्स के इस्तेमाल का कोई सबूत नहीं मिला है, हालांकि दोनों ने शराब का सेवन किया था।यह घटना वर्ली के एनएससीआई डोम की है।

### केंद्र में चड्ढा समेत 2 मंत्री और शामिल होंगे!

नई दिल्ली। मोदी कैबिनेट का विस्तार इस महीने के आखिरी में या फिर अगले महीने हो सकता है।



तीसरे कार्यकाल का यह पहला मंत्रिमंडल विस्तार होने जा रहा है। चर्चाएं हैं कि पंजाब से 2 बड़े नेताओं को जगह मिल सकती है। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और दूसरे अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी से आए लोकप्रिय राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा।

### सूरत में ज्वेलरी फैक्टरी में हादसा, 4 की मौत

सूरत। यहां रविवार को दर्दनाक हादसे में 4 मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो



गई। यह घटना अश्विनी कुमार इलाके में स्थित एक ज्वेलरी निर्माण इकाई में हुई, जहां मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। जिस टैंक की सफाई की जा रही थी, उसमें आभूषणों की सफाई प्रक्रिया से निकलने वाला कचरा और रासायनिक अवशेष जमा होते हैं।

### महंगे सिलेंडर पर विपक्ष के सवाल पर सरकार ने दिया जवाब


# वैश्विक संकट से बढ़ी परेशानी, देश में आज भी गैस की कीमत दुनियाभर में सबसे कम

### पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट से आई दिक्कत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत एक बार फिर बढ़ने के बाद सियासत तेज हो गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 29 रुपए की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू सिलेंडर 942 रुपए का हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का आरोप लगाया है। वहीं केंद्र सरकार का कहना है कि भारत में आज भी गैस सिलेंडर दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी सस्ता मिल रहा है और सरकार आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि श्चिम एशिया में बढ़े तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत तेजी से बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर सीधे घरेलू बाजार पर पड़ता है।

#### सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस बढ़ गई



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली

सरकार ने बताया कि फरवरी 2026 में सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस करीब 543 डॉलर प्रति टन थी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज मार्ग पर असर पड़ने के बाद यह बढ़कर जून में करीब 790 डॉलर प्रति टन पहुंच गई। यानी चार महीनों में करीब 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी वजह से गैस कंपनियों की लागत बढ़ी और सिलिंडर महंगा करना पड़ा।

#### सरकार ने इस संबंध में आंकड़े भी जारी किए

भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वाकई भारत में गैस दूसरे देशों के मुकाबले सस्ती है। सरकार ने अलग-अलग देशों के आंकड़े जारी कर दावा किया है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी दुनिया के कई देशों से कम कीमत पर रसोई गैस खरीद रहे हैं। भारत में सामान्य उपभोक्ता को 14.2 किलो का घरेलू सिलेंडर 942 रुपए में मिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए की सब्सिडी मिलने के बाद यही 642 रुपए का पड़ता है।

#### रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठः अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सरकार पर हमला करते हुए शायरी भरे अंदाज में कहा, रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, भाजपा से अब तो, हर आस गई टूट।

#### क्यों बढ़ रहे बार-बार एलपीजी के दामः तिवारी



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने दाम बढ़ने पर कहा कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा पर्याप्त मुनाफा कमाने के बावजूद एलपीजी की कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी की जा रही है।

#### राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगीः शरद



शरद पवार ने केंद्र की आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि कीमतों का बोझ आम लोगों पर पड़ रहा है। सरकार को राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

#### दाम खतरनाक दर से बढ़ रहेः डीके



कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि गैस की कीमत बढ़ना खतरनाक है।

#### खरगे ने सरकार से पूछे 3 सवाल

### अब भाजपा नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे?

इस मुदे को लेकर अब विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन



खरगे ने एक्स पर दाम बढ़ने को लेकर सरकार से सवाल किए। उन्होंने एक्स पर लिखा, घरेलू गैल दामों में आग की लपटें आम जनता की रसोई को भस्म करने पर तुली हुई है। 4 महीनों में घरेलू सिलेंडर के दामों में 89 रुपए की बढ़ोतरी की है।

**खरगे के सवाल**

1 सवाल, संसद में मोदी जी ने लंबी-चौड़े दावे किए थे कि वे पश्चिम एशिया युद्ध के चलते 41 देशों से ईंधन विविधीकरण कर रहे हैं। उसका क्या हुआ?

2 सवाल- 2025-26 में उज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक या एक भी रिफिल नहीं करवाया। इनमें से 3.30 करोड़ ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया।

3 सवाल- मोदी जी और भाजपा नेता यूपीए के दौरान महंगाई का शोर मचाते थे। अब भाजपा के नेता सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नहीं बैठ रहे हैं? क्या हुआ?

### कांग्रेस के बड़े नेता गहलोत का बड़ा दावा

## साजिश की वजह से मैं कांग्रेस अध्यक्ष बनते- बनते रह गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता अशोक गहलोत ने एक बार फिर पुराना मामला



उठाया है, जब वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते-बनते रह गए थे। गहलोत का कहना है कि उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला हो चुका था, लेकिन साजिश की वजह से सब कुछ पलट गया और आज भी लोग असली सच नहीं जानते। कुछ साल पहले अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की बात चली। सोनिया गांधी और कांग्रेस की टॉप लीडरशिप ने अशोक गहलोत को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का मन बना लिया था। मैंने तो इसे सम्मान की बात मानी थी, लेकिन जैसे ही यह तय होने लगा, पार्टी ने राजस्थान में पर्यवेक्षक भेजे यानी ऐसे नेता जो वहां की स्थिति देखने आए। इसके बाद हालात तेजी से बदल गए। इस पूरे मामले के बाद देशभर में यह बात फैल गई कि गहलोत ने खुद ही अध्यक्ष पद से मना कर दिया, क्योंकि वो राजस्थान का मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ना चाहते थे। यानी लोगों की नजर में यह गहलोत की अपनी पसंद थी। यहां तक कि उनके अपने करीबी लोग और समर्थक भी यही मानते रहे। गहलोत अब साफ कह रहे हैं कि यह धारणा गलत है।

### ‘संडे ऑन साइकिल’ में हजारों लोग शामिल



**हर दिन करें एक साइकिल ट्रिपः मांडविया**

नई दिल्ली। विश्व साइकिल दिवस’ के अवसर पर जेएलएन स्टेडियम में ‘फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल’ का आयोजन हुआ। मांडविया ने कहा,यह 77वां संस्करण है। हर दिन एक साइकिल ट्रिप करनी चाहिए।

## CM की तारीफ के अगले दिन SMS की पोल खुली

मुख्यमंत्री की तारीफ और दौरे के अगले ही दिन प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल सवाई मानसिंह (SMS) की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। इमरजेंसी ब्लॉक समेत मेन बिल्डिंग के कई वार्डों में डक्टिंग सिस्टम बंद होने से मरीज और परिजन गर्मी व उमस से परेशान नजर आए।

हालात ऐसे रहे कि कई जगह परिजन हाथ के पंखों से मरीजों को हवा करते दिखाई दिए।

अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी देखने को मिली।

दरअसल, शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एसएमएस हॉस्पिटल के औचक दौरे पर निकले थे। जहां उन्होंने तमाम व्यवस्थाएं अच्छी बताते हुए हॉस्पिटल प्रशासन की तारीफ की थी, लेकिन उसके 48 घंटे बाद ही अस्पताल में व्यवस्थाएं बिगड़ गई। मेन बिल्डिंग के इमरजेंसी ब्लॉक समेत कई वार्डों में कल(रविवार) पूरे दिन डक्टिंग सिस्टम बंद रहा।

### सीबीएसई ओएसएम विवाद पर राहुल ने साधा केंद्र पर निशाना

## प्रधानमंत्री चाहते हैं युवा रील बनाएं और पकौड़े तलें, केंद्र को जवाब देना चाहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई और सीओईएमपीटी के बीच कथित मिलीभगत का खुलासा करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके साथी निसर्ग अधिकारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें, लेकिन सरकार सवालों के जवाब भी खोजे।

■ सार्थक और निसर्ग की बात कही



#### सीबीएसई ओएसएम विवाद में ध्यान दिलाया

सार्थक ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम से प्रभावित 18 वर्षीय छात्र हैं, जिन्होंने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में ओएसएम के लिए विक्रेता चयन की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया है। राहुल ने कहा, सार्थक 18 साल के हैं, फिर भी, सोच, साहस व सिद्धांतों में उनका कोई मुकाबला नहीं है।

#### नीट यूजी री-एग्जाम के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी




राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट यूजी पुनर्परीक्षा के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी कर दी है। परीक्षार्थी ऑनलाइन देख सकते हैं।

### बंगाल में भ्रष्टाचार पर फूटा गुस्सा

## आरोपी टीएमसी नेता को जूतों की माला पहनाकर घुमाया गया

एजेंसी ⏭ कोलकाता

100 दिन की रोजगार योजना (मनरेगा) के धन के गबन और भ्रष्टाचार के आरोपों में बंगाल में



एक टीएमसी को ग्रामीणों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। गुस्साए ग्रामीणों ने न केवल उन्हें घेर लिया, बल्कि कथित तौर पर उनकी कमर में रस्सी बांधकर, सिर मुंडवाकर और गले में जूतों की माला पहनाकर पूरे इलाके में घुमाया। इस घटना से श्यामपुर क्षेत्र में भारी तनाव और सनसनी है। उस तृणमूल नेता का नाम सन्न्यासी मान्ना बताया जा रहा है।

### दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज रफ्तार पकड़ी

## 11 राज्यों तक पहुंचा, भारी बारिश का अलर्ट

### असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में झमाझम शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। 4 जून को केरल के तट से टकराने के 72 घंटे के भीतर मानसून 11 राज्यों तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 7 दिन केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर-पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है। दक्षिण- पश्चिम मानसून ने रविवार को उत्तरपूर्वी भारत में पूरे नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम को कवर कर लिया। असम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर बारिश शुरू है। भारत मौसम विभाग के अनुसार केरल में रेड अलर्ट है।



चिक्कमगलुरु। कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में लोग बारिश के बीच खुद को ढंकते हुए।

#### देशभर में सिस्टम एक्टिव, तेज हवाओं और बारिश का खतरा बढ़ रहा

कई चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं। यही वजह है कि मौसम का मिजाज बेहद अस्थिर हो गया है। कहीं तेज धूप के बाद अचानक बारिश हो रही है तो कहीं आंधी-तूफान ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 2- 3 दिन के बाद यह छत्तीसगढ़, ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम तक पहुंच सकता है।

**केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में भारी बारिश होगी**

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि मानसून की वजह से अगले 7 दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरपूर्वी भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की प्रबल संभावना है। 8 से 10 जून के बीच कर्नाटक में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की भी संभावना है।

## सतीश पूनिया, अल्का गुर्जर-नीरज डांगी का राज्यसभा जाना तय

राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए वोटिंग नहीं होगी। तीन सीटों पर तीन प्रत्याशियों के ही नामांकन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में बीजेपी से सतीश पूनिया, अल्का गुर्जर और कांग्रेस से नीरज डांगी का राज्यसभा जाना तय हो गया हैं।

तीनों राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाएंगे। नाम वापसी की आखिरी तारीख 11 जून हैं। ऐसे में इसी दिन इनकी जीत की औपचारिक घोषणा भी हो जाएगी। आज नामांकन का आखिरी दिन था। आज बीजेपी की ओर से सतीश पूनिया और अल्का गुर्जर ने नामांकन भरा।

सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को राज्यसभा उम्मीदवार बनाकर बीजेपी ने राजस्थान के दो बड़े वोट बैंक को मैसेज देने का प्रयास किया है। सतीश पूनिया के जरिए जाट और अलका गुर्जर के जरिए गुर्जर वोटर्स को साधने की रणनीति है। दोनों ही नेता लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं, संगठन में कई पदों पर काम कर चुके हैं।

वहीं कांग्रेस की ओर से नीरज डांगी ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया था। कांग्रेस ने सांसद नीरज डांगी को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है।

डांगी को दूसरी बार मौका देकर कांग्रेस ने परंपरागत दलित वोट बैंक को साधने का प्रयास किया है। डांगी को लगातार दूसरी बार मौका देने के पीछे कांग्रेस के अंदरूनी सियासी समीकरण साधने के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। सीएम दोनों प्रत्याशियों को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर लाए

बीजेपी प्रत्याशियों का आज नामांकन से पहले प्रदेश बीजेपी कार्यालय में अभिनंदन किया गया। इस मौके पर दोनों प्रत्याशियों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सीएम भजनलाल शर्मा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित प्रदेश पदाधिकारी व अन्य नेता मौजूद रहे।

अभिनंदन समारोह के बाद सीएम दोनों प्रत्याशियों को अपनी गाड़ी में बैठाकर नामांकन के लिए विधानसभा लेकर पहुंचे। विधानसभा में विधायक दल की बैठक में सीएम ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया एवं डॉ. अल्का गुर्जर के अनुभव का फायदा अब प्रदेश के साथ देश को भी मिलेगा। दोनों का संसद के उच्च सदन में जाना राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। पार्टी ने साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताया

नामांकन के बाद सतीश पूनिया ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताकर उसे देश के सर्वोच्च सदन में जाने का अवसर दिया। बीजेपी में कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। पार्टी में हमेशा से समर्पण, मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा को सम्मान दिया जाता है। राज्यसभा में पहुंचने के बाद वे राजस्थान के हितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का प्रयास करेंगे।

रॉयल पत्रिका

# संपादकीय....

## होर्मुज की बिसात पर ट्रंप को मात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 23 मई को इंटरनेट मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में दावा किया था कि ईरान के साथ शांति समझौते पर सहमति लगभग बन चुकी है, जिसमें होर्मुज जलमार्ग का खुलना भी शामिल है। इस बात को करीब दो हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन न समझौता हुआ है और न होर्मुज खुला है। कभी ट्रंप कहते हैं कि वे ईरान के प्रस्तावों पर विचार कर रहे हैं। कभी कहते हैं वे उनसे संतुष्ट नहीं हैं। कभी कहते हैं उन्हें कोई जल्दी नहीं है। कभी कहते हैं कि समझौते के लिए ईरानी अयातुल्ला से भी मिलना पड़े तो वे तैयार हैं। कभी दूसरे देशों से कहते हैं कि होर्मुज खुलवाने में मदद करें। कभी कहते हैं उन्हें किसी की जरूरत नहीं है।

कूटनीति और रणनीति के जानकार भी इसे लेकर असमंजस में हैं। कुछ का मानना है कि युद्ध में जितनी हार-जीत होनी थी, वह हो चुकी। अब होर्मुज बंद रहने की चोट कौन कितनी देर तक बर्दाश्त कर पाता है, इसकी आजमाइश चल रही है। दुनिया के 38 विकसित लोकतंत्रों के संगठन ओईसीडी ने इसके चलते आर्थिक संकट की चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज नहीं खुला तो दुनिया की अर्थव्यवस्था दो साल के लिए धीमी पड़ जाएगी। दुनिया की आर्थिक विकास दर 3.4 प्रतिशत से घटकर इस वर्ष 2.1 प्रतिशत रह जाने और अगले वर्ष 1.8 प्रतिशत रह जाने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी विकास दर के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत और महंगाई की दर का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर लिया है। अमेरिका में भी पहली तिमाही के आधार पर विकास दर 1.6 प्रतिशत आंकी जा रही है, जबकि महंगाई दर 3.8 प्रतिशत पर जा पहुंची है, जो अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की सहजता के अनुमान से लगभग दोगुनी है। तेल के दाम भी दोगुने हो चुके हैं और उसकी आपूर्ति भी बाधित है। यह सब देखकर ईरान को लगता है कि जैसे-जैसे नवंबर के मध्यावधि चुनाव नजदीक आएंगे, वैसे-वैसे ट्रंप का धीरज डगमगाएगा और वे उसकी शर्तों पर समझौते को बेबस हो जाएंगे।

दूसरी ओर, ट्रंप को लगता है कि ईरानी लोगों की सहनशक्ति पहले जवाब देगी। वहां हर चीज की किल्लत हो चुकी है और महंगाई की दर 77 प्रतिशत से ऊपर चली गई है। एक डालर 18 लाख रियाल का हो गया है। होर्मुज की नाकेबंदी के कारण ईरान अपना तेल नहीं बेच पा रहा, जिसे तेल भंडारों और तेल के जहाजों में जमा किया जा रहा है, लेकिन ऐसी भंडारण क्षमताओं की भी एक सीमा है। उनके भर जाने के बाद तेल निकालना रोकना होगा। रोकने पर कुओं में हवा भर सकती है और वे बंद हो सकते हैं। इसलिए देर-सबेर उसे अमेरिका की शर्तें मानने को विवश होना पड़ेगा।

### अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह

# ग्रेट निकोबार: भारत की समुद्री रणनीति का प्रमुख केंद्र



डी. के. जोशी

यह दक्षिण-पूर्व एशिया के निकट स्थित है तथा मलक्का स्ट्रेट, 60 चैनल, सुंडा स्ट्रेट और लोम्बोक स्ट्रेट जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों के समीप आता है। वास्तविक सामरिक दृष्टि से देखें तो यह भारत की पूर्वी समुद्री चौकी है। इसका महत्व तब और स्पष्ट हो जाता है जब इसे केवल भूभाग के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि महासागरीय रणनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए। कल्पना कीजिए उन जहाजों की, जो अदन की खाड़ी से मलक्का स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे हैं, ऊर्जा से भरे मालवाहक जहाज, जो पश्चिम एशिया और अफ्रीका से पूर्वी एशिया की ओर जा रहे हैं, एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने वाला कंटेनर यातायात तथा नौसैनिक संसाधन, निगरानी मंच और लॉजिस्टिक श्रृंखलाएँ, जो इन जलमार्गों से होकर गुजर रही हैं। हिंद महासागर अब शांत समुद्र नहीं रहा। यह तेजी से एक भीड़भाड़ वाले सामरिक क्षेत्र में बदल रहा है। ऊर्जा आपूर्ति, कंटेनर यातायात, नौसैनिक तैनाती, द्वीपीय सुविधाएं, समुद्र के नीचे बिछी केबलें और समुद्री निगरानी अब एक बड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुकी हैं। यह शायद मुख्य भूमि पर बैठे कई लोगों को दिखाई न दे, परन्तु देशों के भविष्य के लिए यह बेहद निर्णायक है। हाल की एक महत्वपूर्ण प्रगति यह है कि...

**जो राज्य अपनी सीमाओं, साझेदारियों और व्यापार मार्गों की सुरक्षा नहीं करता, वह अपने भविष्य को भी सुरक्षित नहीं रख सकता। - कौटिल्य**

कौटिल्य की यह सीख सदियों पहले ही शासन और रणनीति की मूल सोच का हिस्सा बन चुकी थी, और आज के समय में यह पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक होकर सामने आई है। आज देशों की परीक्षा केवल उनकी अर्थव्यवस्था के आकार या सैन्य ताकत से नहीं हो रही, बल्कि इस बात से हो रही है कि वे भूगोल को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, भविष्य का कितना सही अनुमान लगाते हैं और अवसर के खतरे में बदलने से पहले कितनी तेजी से निर्णय लेते हैं। ग्रेट निकोबार भारत के लिए ऐसी ही एक बड़ी परीक्षा है। यह भारतीय मानचित्र के दक्षिणी-पूर्वी छोर पर स्थित एक दूरस्थ द्वीप जैसा प्रतीत होता है। ऐसी जगह जिसे दशकों से लगभग अछूता छोड़ दिया गया है और जिसे वैसे ही रहने देना चाहिए। परंतु ग्रेट निकोबार भारत की अग्रिम समुद्री चौकी है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के समीप स्थित यह द्वीप दुनिया की ओर भारत की सबसे अहम सामरिक अवसर में से एक है। अतः ग्रेट निकोबार के प्रस्तावित विकास को केवल एक अवसंरचना परियोजना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह केवल एक बंदरगाह, हवाई अड्डा, टाउनशिप या बिजली संयंत्र बनाने का प्रश्न नहीं है। यह वास्तव में इस बात की सामरिक परीक्षा है कि क्या भारत अपनी इस दुर्लभ भौगोलिक बढ़त को राष्ट्रीय शक्ति में बदलने के लिए तैयार है।

सदियों से हिंद महासागर ने भारत की नियति को आकार दिया है। इसी समुद्री क्षेत्र ने हमारे व्यापार, हमारे विचारों और हमारे सभ्यतागत प्रभाव को विश्व भर में पहुंचाया, परन्तु कई बार यही हमारी कमजोरियों का कारण भी बना। तथापि, स्वतंत्रता के पश्चात् लंबे समय तक भारत की सामरिक सोच मुख्य रूप से स्थल-आधारित रही। यह निर्विवाद है कि ग्रेट निकोबार अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक स्थान है। यह अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीपों में से एक है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 910 वर्ग किलोमीटर है। प्रस्तावित परियोजना का कुल क्षेत्रफल 166.10 वर्ग किलोमीटर है, जो सम्पूर्ण द्वीपसमूह के कुल क्षेत्रफल का केवल लगभग 2 प्रतिशत है। इसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर वन भूमि को परियोजना के लिए उपयोग में लाने का प्रस्ताव है, जो द्वीप समूह के कुल वन क्षेत्र का लगभग 1.82 प्रतिशत है। यह दक्षिण-पूर्व एशिया के निकट स्थित है तथा मलक्का स्ट्रेट, 60 चैनल, सुंडा स्ट्रेट और लोम्बोक स्ट्रेट जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों के समीप आता है। वास्तविक सामरिक दृष्टि से देखें तो यह भारत की पूर्वी समुद्री चौकी है। इसका महत्व तब और स्पष्ट हो जाता है जब इसे केवल भूभाग के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि महासागरीय रणनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए। कल्पना कीजिए उन जहाजों की, जो अदन की खाड़ी से मलक्का स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे हैं, ऊर्जा से भरे मालवाहक जहाज, जो पश्चिम एशिया और अफ्रीका से पूर्वी एशिया की ओर जा रहे हैं, एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने वाला कंटेनर यातायात तथा नौसैनिक संसाधन, निगरानी मंच और लॉजिस्टिक श्रृंखलाएँ, जो इन जलमार्गों से होकर गुजर रही हैं। हिंद महासागर अब शांत समुद्र नहीं रहा। यह तेजी से एक भीड़भाड़ वाले सामरिक क्षेत्र में बदल रहा है। ऊर्जा आपूर्ति, कंटेनर यातायात, नौसैनिक तैनाती, द्वीपीय सुविधाएं, समुद्र के नीचे बिछी केबलें और समुद्री निगरानी अब एक बड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुकी हैं। यह शायद मुख्य भूमि पर बैठे कई लोगों को दिखाई न दे, परन्तु देशों के भविष्य के लिए यह बेहद निर्णायक है। हाल की एक महत्वपूर्ण प्रगति यह है कि अंडमान सागर को थाईलैंड की खाड़ी से जोड़ने वाली दशकों पुरानी कैनल परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। इसके स्थान पर अब लगभग 90 किलोमीटर लंबे मल्टी-मोडल लैंड ब्रिज की योजना अंतिम स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। यह परियोजना टेंथ पैरेलल के साथ दो नव-डिज़ाइन किए गए गहरे समुद्री बंदरगाहों को जोड़ेगी एक अंडमान सागर के किनारे रणोंग में और दूसरा थाईलैंड की खाड़ी के किनारे चुम्फोन में। इसके



साथ दोहरी ट्रैक्स वाली उच्च गति रेल, बहु-लेन सड़क, तेल एवं गैस के लिए ऊर्जा पाइपलाइनें तथा वायु एवं डिजिटल ग्रिड भी प्रस्तावित हैं। ये सभी कारक मिलकर इंडो-पैसिफिक व्यापार मार्गों को पूरी तरह पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और आर्थिक शक्ति का केंद्र सीधे अंडमान बेसिन की ओर स्थानांतरित कर रहे हैं। मलक्का स्ट्रेट विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सामुद्रिक चोकपॉइंट्स में से एक है। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है और अत्यंत मूल्यवान ऊर्जा संसाधनों (तेल और एलएनजी) तथा वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ग्रेट निकोबार की गलाथिया खाड़ी 60 चैनल से लगभग 45 किलोमीटर दूर है, जो मलक्का स्ट्रेट को अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप की ओर जाने वाले समुद्री मार्गों से जोड़ती है। अनुमान है कि हर साल लगभग एक लाख जहाज मलक्का स्ट्रेट 60 चैनल मार्ग से गुजरते हैं। मलक्का, सुंडा और लोम्बोक जैसे सामरिक चोकपॉइंट्स के निकट स्थित होने के कारण यह द्वीप भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त प्रदान करता है। कोई भी गंभीर सामुद्रिक शक्ति ऐसे भौगोलिक तथ्यों की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती। हिंद महासागर क्षेत्र में अनेक शक्तिशाली देश बंदरगाहों, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, समुद्री पहुँच सुविधाओं, नौसैनिक संसाधनों, निगरानी प्रणालियों और आर्थिक गलियारों के माध्यम से निरंतर अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं। भारत का उत्तर संकोचपूर्ण नहीं हो सकता। उसका उत्तर सामरिक सुदृढ़ीकरण होना चाहिए। संप्रभुता केवल मानचित्र पर सीमाएँ खींच देने से सुदृढ़ नहीं होती। वह तब सशक्त होती है जब कोई भूभाग जुड़ा हुआ, आबाद, सुविधायुक्त, उत्पादक और सामरिक रूप से उपयोगी बनता है।

### दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# पृथ्वी और मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है महासागर

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मानाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2026 की थीम हमारे नीले ग्रह के लिए मज़बूत समुद्री संरक्षित क्षेत्र रखी गई है। ब्रिटेन के लोग आज भी समुद्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूक है। वे इस बात का ध्यान रखते हैं कि समुद्र प्रदूषण का शिकार नहीं हो। फिर भी समुद्र में कचरा आदि बहाने की अनेक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। हर साल महासागर दिवस इसीलिए मनाया जाता है की हम महासागरों को स्वच्छ रखें और मानव मित्र के रूप में इनकी रक्षा करें। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है।

महासागर हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं। इन्हें केवल पानी का एक विशाल भंडार समझना बहुत बड़ी भूल होगी। ये वास्तव में हमारे ग्रह की जीवन रेखा हैं। पृथ्वी की 50 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों द्वारा किया जाता है। यह पृथ्वी की जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व की आधी से अधिक ऑक्सीजन महासागरों द्वारा उत्पादित होती है और यह हमारे वायुमंडल की तुलना में 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है। इसमें मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़-पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्त्रोत हैं। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। यहां लाखों प्रजातियों के जीव-जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। पृथ्वी पर पांच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, अटलांटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मील, हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मील, आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा अंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है। सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजन, मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरों, सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है। सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापार, यात्रा, खनिज दोहन, बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैं, वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकी, नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। खूबसूरत समुद्री तटों को देखने और समुद्र की लहरों से अठखेलियां करने के लिए महासागर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां उठती समुद्री तरंगे और उफनता समुद्र मन को तरोताजा कर देता है। इसका प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर-सपाटा करना सैलानियों के लिए कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहां स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विश्व में होने वाली वर्षा महासागरों पर ही निर्भर है। महासागर कभी सूखता नहीं, क्योंकि इसमें से जितना पानी वाष्प बनकर उड़ता है। वह वर्षा द्वारा नदियों में बहकर पुनः सागर में मिल जाता है। इस प्रकार से पानी का एक चक्र बना रहता है। लहरों से विभिन्न प्रकार के द्वीप तथा खाड़ियों का निर्माण होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप



संकलित

**दर्शन**

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदे सांच है, ताके हिरदे आप। सत्य केवल वाणी का विषय नहीं है। यह तो मन, वचन और कर्म की समरूपता की उच्च अवस्था है। हम अपने जीवन में जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, जब ये तीनों एक ही धारा में बहने लगें, तभी सच्चा सत्य जन्म लेता है। इसी को हमारे ऋषियों ने त्रिकरण शुद्धि कहा है। 'सत्यं वद' हमें यही सिखाता है कि सत्य एक जीवन-शैली है। जो मनुष्य एक बार सत्य की राह पकड़ लेता है, उसे फिर अपनी बात याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि सत्य अपना रास्ता सहज अवस्था में बना लेता है। दूसरा विषय आता है 'धर्मं चर' यानी धर्म का आचरण करो। यहां धर्म से तात्पर्य किसी मजहब या संप्रदाय से नहीं है। ऋषियों का धर्म बहुत व्यापक है। 'सत्यं वद, धर्मं चर' भारतीय समाज की आत्मा का शाश्वत घोष है। भारतीय चिंतन में सत्य को ईश्वर का स्वरूप और धर्म को जीवन की मर्यादा माना गया है। वेदों, उपनिषदों और महाभारत से लेकर लोकजीवन तक, सत्य और धर्म ने भारतीय संस्कृति को नैतिक आधार प्रदान किया है। आज जब भौतिकता और त्वरित सफलता की दौड़ में मानवीय मूल्य क्षीण होते दिखाई दे रहे हैं, तब भारतीय ज्ञान-परंपरा का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में वर्णन मिलता है- सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। इन पंक्तियों का अर्थ है सत्य बोलो।

# सत्य के सामने झुकना, अहंकार को विसर्जित करना



संकलित

**प्रेरणा**

जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है और झूठ के सामने झुकना सरल। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना। ऐसी उलटबांसी क्यों है? उलटबांसी जरा भी नहीं है, सिर्फ तुम्हारे विचार में जरा सी चूक हो गई है, इसलिए उलटबांसी दिखाई पड़ रही है। चूक बहुत छोटी है, शायद एकदम से दिखाई न पड़े। सत्य के सामने झुकना पड़ता है, झूठ के सामने झुकना ही नहीं पड़ता, झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और इसीलिए झूठ से दोस्ती आसान है, क्योंकि झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और सत्य से दोस्ती कठिन है, क्योंकि सत्य के सामने तुम्हें झुकना पड़ता है। अंधा अंधेरे से दोस्ती कर सकता है, क्योंकि अंधेरा आंखें चाहिए ऐसी मांग नहीं करता, लेकिन अंधा प्रकाश से दोस्ती नहीं कर सकता है, क्योंकि प्रकाश से दोस्ती के लिए पहले तो आंखें चाहिए। अंधा अमावस की रात के साथ तो तल्लीन हो सकता है, मगर पूर्णिमा की रात के साथ बेचैन हो जाएगा। पूर्णिमा की रात उसे उसके अंधेपन की याद दिलाएगी। अमावस की रात अंधेपन को भुलाएगी, याद नहीं दिलाएगी। तुम कहते हो, जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना, लेकिन दूसरी बात सच नहीं है, जो तुम कहते हो कि झूठ के सामने झुकना सरल क्यों है? झूठ तो सदा तुम्हारे सामने झुका हुआ खड़ा है, तुम्हारे पैरों में बैठा है।

## अंतर्मन





### आज की पाती

**प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला**

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। *- दुयंत कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# जेलेंस्की के पीस टॉक्स के ऑफर को पुतिन ने ठुकराया



रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के आमने-सामने बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पुतिन ने साफ कहा कि फिलहाल दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात का कोई औचित्य नहीं बनता। दरअसल, एक दिन पहले जेलेंस्की ने पुतिन को एक ओपन लेटर लिखा था। इस लेटर में उन्होंने युद्ध खत्म करने के लिए आमने- सामने बैठकर बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। जेलेंस्की ने लिखा था कि अब इस युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने का समय आ गया है और दोनों नेताओं को सीधे संवाद करना चाहिए लेकिन सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित रूस के प्रमुख आर्थिक मंच के दौरान पुतिन ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की का लेटर पूरी तरह ईमानदार नहीं लगा। पुतिन के मुताबिक लेटर में कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं जिन्हें वह असभ्य मानते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मुझे फिलहाल ऐसी मुलाकात का कोई मतलब नजर नहीं आता। पहले विशेषज्ञ स्तर पर काम होना चाहिए, समाधान तैयार होने चाहिए और उसके बाद नेताओं की बैठक हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यूक्रेन की दिलचस्पी सिर्फ रूसी सेना की प्रगति रोकने में है।

## ऑफ बीट

# विशाल चट्टान को तराशकर बनाया गया सांवलिया जी मंदिर



देश-दुनिया में लीलाधर के कई अद्भुत मंदिर हैं, जिनकी कथा या बनावट हैरत में डाल देती है। ऐसा ही एक मंदिर राजस्थान के ऐतिहासिक शहर चित्तौडग़ढ़ में है, जो अपनी अनोखी बनावट के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह मंदिर पूरी तरह से एक अकेली बड़ी चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसे सांवलिया जी मंदिर कहा जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं और हर कार्य में सफलता मिलती है। आज भी वैज्ञानिक और इतिहासकार इस मंदिर के निर्माण के पीछे छिपे प्राचीन खगोलीय ज्ञान को सराहते हैं। विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है मंदिर-यह मंदिर न सिर्फ अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है, बल्कि आकाशीय घटनाओं के साथ अपने गहरे संबंध के लिए भी चर्चा में रहता है। सांवलिया जी मंदिर एक विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है, जिसकी ऊंचाई और बनावट देखकर हैरानी होती है। सदियों पुरानी इस इमारत में कारीगरों की अद्भुत कारीगरी दिखाई देती है। दीवारों पर बारीक नक्काशी, देवी-देवताओं की मूर्तियां और हिंदू पौराणिक कथाओं के दृश्य इस मंदिर को एक जीवंत कलाकृति बना देते हैं।

## X ट्रेंड

### प्रेरणा का विषय



मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र के 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार' से सम्मानित किया जाना प्रत्येक भारतीय, विशेषकर देश की बेटियों और महिलाओं के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।
-**अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### प्राथमिक शिक्षा प्रणाली



हमारी सरकार ने लंबे समय से उपेक्षित प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। 12,000 करोड़ के निवेश से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में व्यापक अवसंरचना विकास होगा, अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाया जाएगा।
- **मोहन चरण माझी**, सीएम, ओडिशा

### पिनाका की गूंज



पिनाका की गूंज आज वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती रणनीतिक शक्ति का प्रतीक बन गई है। आर्मेनिया में सफल परीक्षण परीक्षणों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत का रक्षा उत्पादन विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।
- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

### घटिया गुणवत्ता



'दोहरे इंजन' का दावा करने वालों की सरकार में, डिब्बे खुद टूटकर दोगुने हो रहे हैं। पहले भी कहा जा रहा था कि भाजपा में न सिर्फ दोहरा इंजन बल्कि डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। भाजपा हर चीज के निर्माण में घटिया गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार है।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

रॉयल पत्रिका

## राजस्थान भाजपा में बड़ा फेरबदल

# अजेय कुमार बने नए प्रदेश संगठन महामंत्री, ढाई साल से खाली चल रहा पद भरा गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा 1 जून 2026 को जारी एक आधिकारिक आदेश के तहत राजस्थान भाजपा संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है। लंबे समय के इंतजार के बाद अब अजेय कुमार को राजस्थान भारतीय जनता पार्टी का नया प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद संगठन में नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



**ढाई साल का लंबा इंतजार हुआ खत्म**

राजस्थान भाजपा के लिए यह पद बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। पूर्व संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के जाने के बाद से यह पद पिछले लगभग ढाई साल (दो साल चार महीने) से लगातार खाली चल रहा था। वर्ष 2024 से खाली चल रही इस संगठनात्मक शून्यता को अब राष्ट्रीय नेतृत्व ने अजेय कुमार की नियुक्ति के साथ पूरी तरह भर दिया है, जिससे आगामी सांगठनिक कार्यों को गति मिलेगी।

**आरएसएस पृष्ठभूमि और कुशल नेतृत्व का अनुभव**

नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार मूल रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की पृष्ठभूमि से आते हैं। संघ में लंबे समय तक कार्य करने के साथ ही वे इससे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी संगठन मंत्री के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें धरातल पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में समन्वय बिठाने का लंबा अनुभव है।

**उत्तराखंड में जीत के सूत्रधार रहे हैं अजेय कुमार**

राजस्थान की कमान संभालने से पहले अजेय कुमार सितंबर 2019 से उत्तराखंड भाजपा में प्रदेश संगठन महामंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। उनके कुशल रणनीतिक नेतृत्व का ही परिणाम था कि भाजपा ने उत्तराखंड में साल 2022 का विधानसभा चुनाव और फिर साल 2024 के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। नेतृत्व के इसी शानदार ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें अब राजस्थान जैसे बड़े राज्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**जयपुर में 12 जून को किसान मोर्चा का बड़ा समागम**

संगठन में हुए इस बड़े बदलाव के बीच बीजेपी किसान मोर्चा भी पूरी तरह एक्टिव मोड़ में आ गया है। आगामी 12 जून को राजधानी जयपुर में एक भव्य राज्य स्तरीय किसान कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के किसानों को जागरूक करना और उन्हें रासायनिक खाद (यूरिया-डीएपी) के बजाय प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती की ओर प्रेरित करना है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके।

**दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में तैयार होगा रोडमैप**

जयपुर में आयोजित होने वाली इस विशेष कार्यशाला में हजारों की संख्या में प्रगतिशील किसान हिस्सा लेंगे। इस दौरान गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, राजस्थान के राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। सभी दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में राजस्थान के किसानों को हाईटेक और नेचुरल फार्मिंग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आत्म-निर्भर किसान के विजन को पूरा किया जा सके।

**किसान सम्मान निधि और कृषि बजट पर फोकस**

प्रेस वार्ता के दौरान सरकार की किसान कल्याणकारी नीतियों को भी रेखांकित किया गया। संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि केंद्र की 6,000 रुपये की किसान सम्मान निधि के साथ-साथ राजस्थान की भजनलाल सरकार भी अपनी तरफ से 3,000 रुपये की अतिरिक्त सम्मान निधि दे रही है। इसके साथ ही, साल 2014 से पहले के मुकाबले देश का कृषि बजट लगभग छह गुना बढ़कर अब 1,25,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो सरकार की किसान-हितैषी सोच को दर्शाता है।

**मंडियों में धांधली करने वालों को जेल भेजने की चेतावनी**

न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) और खरीद केंद्रों को लेकर किसान मोर्चा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की 'लागत का डेढ़ गुना दाम' देने की जिस सिफारिश को पूर्व की कांग्रेस सरकार ने खारिज कर दिया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लागू किया। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि एमएसपी खरीद केंद्रों या सरकारी पोर्टलों पर पंजीकरण में किसी भी प्रकार की धांधली या भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आती है, तो सरकार उसकी सख्त जांच कराएगी और दोषियों को सीधे जेल भेजा जाएगा।

# बंगाली शाह बाबा की दरगाह पर 67 वां सालाना उर्स मनाया गया

## -शास्त्री नगर दरगाह बुजुर्गों के आगे सर झुकाना सजदा या गुनाह नहीं, यह केवल अदब है वसीले से मांगी दुआएं होती कबूल






**जावेद अख्तर**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के शास्त्री नगर स्थित प्रसिद्ध बंगाली शाह बाबा की दरगाह पर 67वां सालाना उर्स अकीदत और पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर दरगाह परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। उर्स के इस विशेष अवसर पर हिंदू-मुस्लिम सहित तमाम धर्मों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, जो समाज में आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है।

**गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का संदेश**

दरगाह पर आए अकीदतमंदों का कहना है कि बंगाली शाह बाबा का यह उर्स बरसों से गंगा-जमुनी तहजीब और मोहब्बत का पैगाम देता आया है। यहाँ हर धर्म के लोग अपनी मन्नतें लेकर पहुँचते हैं। बाबा अपने जीवनकाल में भी सभी धर्मों के लोगों से एक समान मोहब्बत करते थे और सबको साथ लेकर चलने की शिक्षा देते थे। यही कारण है कि आज भी उनकी चौखट पर आने वाला कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता।

**दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुँच रहे श्रद्धालु**

सालाना उर्स के मौके पर केवल स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी जायरीन यहाँ पहुँच रहे हैं। आगरा, चोमू और अन्य पड़ोसी इलाकों से भारी संख्या में अकीदतमंद बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आए हैं। दरगाह के बाहर और भीतर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं, जो बाबा की आस्था में डूबे नजर आ रहे हैं।

**चादरपोशी और कव्वाली के विशेष कार्यक्रम**

उर्स के इस पावन अवसर पर अकीदतमंदों द्वारा बाबा की मजार शरीफ पर मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए जा रहे हैं। देश और दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली तथा तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी जा रही हैं। इसके साथ ही दरगाह परिसर में महफिल-ए-कव्वाली और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा माहौल सूफियाना और भक्तिमय हो गया है।

**सजदे और अदब के फर्क पर अकीदतमंदों का बड़ा बयान**

दरगाह पर आए वरिष्ठ अकीदतमंदों ने सजदे और अदब के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि बुजुर्गों के आस्ताने पर सर झुकाना, कदमबोशी या दस्तबोशी (हाथ चूमना) करना कोई सजदा नहीं है। सजदा केवल नमाज के तय तौर-तरीकों से अल्लाह के लिए होता है, जबकि बाबा के दरबार में सर झुकाना उनके प्रति अदब और गहरे एहतराम (सम्मान) को प्रकट करने का सदियों पुराना तरीका है। कुछ लोगों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को खारिज करते हुए उन्होंने साफ किया कि सूफियों और अल्लाह के नेक बंदों के वसीले (माध्यम) से मांगी गई दुआएं कबूल होती हैं; ये बुजुर्ग हमारी दरख्वास्त और सिफारिश को आगे अल्लाह तक पहुंचाते हैं, जिससे श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होती हैं।

# मरीजों के सामने स्टाफ ने किया गेट बंद, मरीज चिल्लाते रहे पर स्टाफ ने एक नहीं सुनी





**हरी चौधरी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, एसएमएस (SMS) अस्पताल की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। अस्पताल परिसर में मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं, जहाँ लोग सुबह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उन्हें इलाज के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उसी दौरान स्टाफ के ही व्यक्ति ने मरीजों के सामने घेर बंद कर दिया और बाकी स्टाफ चाय की चुस्कियां लेता नज़र आ रहा था।

**क्या है पूरा मामला?**

सामने आया है कि अस्पताल में मरीजों को घंटों इंतजार के बावजूद डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। आरोप है कि जहाँ एक ओर मरीज इलाज के लिए तरस रहे हैं, वहीं अस्पताल का स्टाफ ड्यूटी के दौरान चाय-नाश्ते का आनंद लेने में व्यस्त है। मरीजों का कहना है कि उन्हें इलाज के लिए अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है, जबकि केवल स्टाफ के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर एंट्री मिल रही है।

**मरीजों का दर्द और आक्रोश:**


भरतपुर से आए एक मरीज ने बताया कि वह सुबह 8 बजे से लाइन में लगे हैं और दोपहर के 1:30 बजने को हैं, लेकिन अब तक उनका नंबर नहीं आया है। एक अन्य मरीज (नंबर 151) ने आरोप लगाया कि लाइन की व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। सुबह 9 बजे से आने के बावजूद उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। मरीजों का आरोप है कि जब वे डॉक्टर से मिलने की कोशिश करते हैं, तो वहां तैनात लोग उन्हें टाल देते हैं। बाहर से आने वाले मरीजों ने व्यवस्था पर गंभीर नाराजगी जताई है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि डॉक्टर अनुराग ठाकुर के ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन सुचारू रूप से इलाज न होने के कारण लोग अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी तक कोई स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है, लेकिन अस्पताल की यह बदहाली मरीजों की जान पर भारी पड़ रही है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की कार्यकारिणी घोषित

## -सरदार रणधीर सिंह उपाध्यक्ष एवं जंग बहादुर पठान महामंत्री मनोनीत

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की सहमति से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में निम्न पदाधिकारीयों की घोषणा की है- प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल पठान (बांसवाडा), सरदार रणधीर सिंह (जयपुर देहात दक्षिण), निजामुदीन बबलू (कोटा), जहीर मकरानी (पाली), संजीव भटेवडा (जैन) (ब्यावर), जावेद खान (दौसा), जमरदीन तेली (चूरू), आफताफ चौधरी (नीटू) (झालावाड़), प्रदेश महामंत्री जंगबहादुर पठान (जयपुर उत्तर), मोहम्मद रमजान अब्बासी (बीकानेर शहर), अयुब खान (खैरथल-तिजारा), प्रदेश मंत्री प्रफूल जैन (जयपुर शहर), इंजि. साकिर खान (अजमेर), श्रीमती मेहनाज पटेल (सवाई माधोपुर), मोहम्मद आसीफ, पूर्व पार्षद (भीलवाड़ा), जाहिद कुरैशी (धौलपुर), अनीश खान (प्रतापगढ़), अब्दुल रशीद (जोधपुर शहर), डॉ. अरमान मलिक (बारां), प्रदेश कोषाध्यक्ष फरमान कुरैशी (जयपुर शहर), प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष रिदेश भण्डारी (जोधपुर शहर), प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष मोहम्मद सद्दीक कोटवाल (जैसलमेर), प्रदेश कार्यालय मंत्री परवेज खान (जयपुर शहर), प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री डॉ. अर्पित छाजड़ (ब्यावर), प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री श्रीमती पूनम जैन तिलक (जयपुर शहर), प्रदेश मीडिया प्रभारी कासम अली राठौड़ (नागौर शहर), प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी मनसुफ खान (जयपुर शहर), प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी फरीदुदीन शेख (जयपुर शहर), प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मोहम्मद इरशाद हसनपुरा (जयपुर शहर), प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक नदीम भाटी (झुन्झुनूं), प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक अनस पठान (जयपुर शहर) प्रदेश नीति एवं शोध प्रभारी मोहम्मद विकार खान (टोंक), प्रदेश नीति एवं शोध सह-प्रभारी श्रीमती मोनिका जैन (जयपुर दक्षिण), प्रदेश नीति एवं शोध सह-प्रभारी चन्द्रकांत खोडनिया (बांसवाडा), प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी सिकन्दर बक्स (जोधपुर देहात दक्षिण), प्रदेश प्रशिक्षण सह-प्रभारी जहांगीर भाटी कुरैशी (नागौर देहात), प्रदेश प्रशिक्षण सह-प्रभारी अंसार खलिफा (सवाई माधोपुर), प्रदेश आईटी संयोजक अयुब पठान (जोधपुर दक्षिण), प्रदेश आईटी सह-संयोजक श्रीमती नाजिया खान (धौलपुर), प्रदेश आईटी सह-संयोजक सद्दाम पठान (बून्दी), प्रदेश मन की बात प्रभारी याकुब खान (भरतपुर), प्रदेश मन की बात सह-प्रभारी ऋषभ जैन (जयपुर शहर), प्रदेश मन की बात सह-प्रभारी श्रीमती रोजी नवाब (जयपुर शहर) प्रदेश कार्यक्रम क्रियान्वन प्रभारी उस्मान खां चौहान (जयपुर शहर), प्रदेश कार्यक्रम क्रियान्वन सह-प्रभारी गुलजार कुरैशी (जयपुर शहर), प्रदेश कार्यक्रम क्रियान्वन सह-प्रभारी शौकत अली अराई (हनुमानगढ़), प्रदेश योजना प्रचार-प्रसार प्रभारी मोहम्मद अकरम कुरैशी (जयपुर शहर), प्रदेश योजना प्रचार-प्रसार सह-प्रभारी आसिफ अली नकवी (टोंक), प्रदेश योजना प्रचार-प्रसार सह-प्रभारी सरदार विजेन्द्र पाल सिंह (श्रीगंगानगर) प्रदेश नमो एवं सरल ऐप संयोजक मनीष जैन (सिरोही), प्रदेश नमो एवं सरल ऐप सह-संयोजक श्रीमती मिजान मिर्जा (जयपुर शहर), प्रदेश नमो एवं सरल ऐप सह-संयोजक सैयद आसिफ अली (जयपुर शहर), प्रदेश प्रवक्ता इकराम रशीद कुरैशी (उदयपुर), मुन्सिफ अली (अजमेर शहर), रमजान अली चौपदार (श्रीगंगानगर), आसिफ खान (सीकर), फारूक राणा (बून्दी), शब्बीर खान (नागौर देहात), शमशुदीन खां (अलवर दक्षिण), यासीन छीपा (पाली), सुश्री सिम्मी खान (चित्तौड़गढ़), शहजाद खान (जयपुर), युसुफ खान (भरतपुर), साबिर कुरैशी (सिरोही), शफिक पठान (अजमेर शहर), इरफान शेख (भीलवाड़ा), शाहनवाज अंसारी (जयपुर शहर), जफर मिर्जा (जयपुर शहर), शमीम खान (बालोतरा), सईद मानव (जयपुर शहर), अख्तर खान (चूरू)।





# पाली में रिश्वतखोर पटवारी ट्रैप हुआ

## -ग्रामीणों ने ढोल-थाली बजाकर मनाया जश्न

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान के पाली में पटवारी के रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद अनूठा नजारा देखने को मिला. पटवारी के ट्रैप होने के बाद गांव में जश्न जैसा माहौल हो गया । लोग ढोल लेकर ऑफिस के बाहर पहुंच गए और खुशी मनाने लगे । ग्रामीणों का कहना है कि रिश्वत की डिमांड के चलते वो काफी परेशान हो गए थे। पटवारी के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें सामने आ रही थीं । आरोप है कि बिना लेन-देन के कोई काम ही नहीं होता था । जैसे ही एसीबी की कार्रवाई की खबर गांव में फैली लोगों ने राहत महसूस की।



**8 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार:**

बाली तहसील क्षेत्र में एसीबी ने पटवारी विक्रम को 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। विक्रम बाली के लाटाडा पटवार हल्के में पोस्टेड था । पाली-प्रथम इकाई को उसके रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी । सत्यापन के दौरान शिकायत को सही पाया गया।

**आरोपी ने की 11 हजार रुपये की डिमांड:**

आरोपी पटवारी पर नामांतरण, भूमि विभाजन और सीमांकन जैसे राजस्व कार्यों के बदले रिश्वत मांगने के आरोप थे। एंटी करप्शन ब्यूरो को परिवादी ने शिकायत में बताया कि विक्रम ने भूमि नामांतरण और विभाजन के लिए 11 हजार रुपये की मांग की थी। इस एवज में 5 हजार रुपये पहले ही वसूल लिए थे। परिवादी की माता के नाम दर्ज भूमि के सीमांकन और पुराने कार्यों की एवज में 8 हजार रुपये की अलग से डिमांड की जा रही थी।

**एसीबी के जाल में फंसा पटवारी:**

एसीबी जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र डुकिया के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी पटवारी ने परिवादी से रिश्वत ली, एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया. तभी गांव के कई लोग ऑफिस के बाहर जमा हो गए और सेलिब्रेशन भी शुरू हो गया।

# श्रीमती के. डी. बैरवा बनी समर्पण संस्था की एज्युकेशनल एसोसिएट




जयपुर (रॉयल पत्रिका) । श्रीमती के. डी. बैरवा ने समर्पण संस्था के डायरेक्टर दौलत माल्या से मुलाकात के दौरान संस्था के नियमानुसार शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए एक निर्धन जरूरतमंद विद्यार्थी की शिक्षा में सहयोग की ज़िम्मेदारी लेते हुए संस्था द्वारा निर्धारित एज्यूकेशनल एसोसिएट की योगदान राशि रु.5000 भेंट की है और आवेदन पत्र भरकर दिया है। इसी तरह श्रीमति विजय लक्ष्मी माथुर ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए निर्धन ज़रूरतमंद विद्यार्थी की शिक्षा में सहयोग की ज़िम्मेदारी लेते हुए संस्था द्वारा निर्धारित एज्यूकेशनल एम्बेसेडर की योगदान राशि ₹11000 संस्था खाते में ट्रांसफर की है और आवेदन पत्र भरकर दिया है।

# बहुजन समाज पार्टी जिला जयपुर की संगठन समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । बहुजन समाज पार्टी की जयपुर प्रदेश कार्यालय में जयपुर जिले के संगठन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह मुख्य अतिथि थे । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट मोतीलाल वर्मा ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि करण सिंह भंडारी- लोकसभा जोन प्रभारी, सुरेंद्र सिंह बासोटिया- लोक सभा जॉन प्रभारी, जयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामप्रसाद देवतवाल उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि जगन बाबूजी, अशोक नीला युग,चरण सिंह नोनिया, रामजी लाल चौहान, प्रमोद दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष महेश वर्मा, जिला महासचिव शाहिद खोकर, जिला सचिव रामेश्वर उज्जवल, महिन्द्रा शौकरीया, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बीएसपी प्रदेश अध्यक्ष सुमरत सिंह ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी जयपुर जिले में मजबूती से संगठन का कार्य कर रही है। साथ ही नगर निकाय, पंचायत चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अकेले अपने बलबूते पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ेगी । पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए रामजीलाल चौहान को जयपुर नगर निगम प्रभारी तथा प्रमोद दिवाकर को नगर निगम अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जिला उपाध्यक्ष महेश वर्मा को तथा रामेश्वर उज्जवल को जिला सचिव नियुक्त किया गया। पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ सीनियर लोगों को लगाया गया है । यह सभी वार्ड वाइज जाकर के संगठन की समीक्षा कर संगठन के ढांचे को मजबूत करने का कार्य करेंगे, बैठक में सभी जिम्मेदार शामिल हुए।



# वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार मयंक पालीवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं कार्यवाहक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा सोमवार को सखी वन स्टॉप सेंटर का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर तनु जैन, विजयलक्ष्मी गौतम एवं सुनिता गौतम से वन स्टॉप सेंटर में पीड़िताओं की संख्या, पीड़िताओं को दी जाने वाली विधिक सहायता, चिकित्सकीय सुविधाओं, परामर्शदाताओं की भूमिका, पीड़िताओं को अस्थाई आश्रय की सुविधा, स्नानागार, पर्याप्त ओढ़ने-बिछाने की व्यवस्था, पीड़िताओओं के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन-पेयजल की व्यवस्था, पीड़िताओ के साथ घटित घटना के संबंध में पुलिस के प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की कार्यवाही आदि के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही पीड़िताओं के प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित परामर्शदाताओं को निःशुल्क विधिक सहायता की इच्छुक पीडिताओं को निःशुल्क विधिक सहायता दिलवाने एवं पुनर्वास के योग्य पीड़िताओं के प्रभावी पुनर्वास के लिये आवश्यक कदम उठाने के संबंध में दिशा-निर्देशित किया गया।

साथ ही मयंक पालीवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं कार्यवाहक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई, सजायाफ्ता एवं विचाराधीन बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, ई-कियोस्क, वीसी आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया। उन्होंने उपस्थित बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन करके अपने मुकदमों की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही कारागृह में बंदियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल विजिटिंग लॉयर एवं अधिकार मित्र को अपनी समस्या के संबंध में अवगत करवा सकते हैं। इस दौरान असिस्टेंट एलएडीसी अक्षय राजावत उपस्थित रहें।

# गोपालपुरा की हरीतिमा ढाणी में हुआ पौधारोपण

## -महिलाओं ने लोकगीतों और नृत्य के साथ प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प

**गजराज शर्मा**

बीदासर-गोपालपुरा (चूरु) (रॉयल पत्रिका)। बीदासर के निकटवती गांव गोपालपुरा स्थित हरीतिमा ढाणी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत की प्रशासक एवं निवर्तमान सरपंच सविता राठी के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने लोकगीत गाते हुए और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रकृति को बचाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रशासक सविता राठी ने कहा कि गोपालपुरा में लंबे समय से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से प्लास्टिक मुक्त अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से गांव आज साफ-सुथरा और स्वच्छ वातावरण वाला क्षेत्र बन चुका है।राठी ने बताया कि पंचायत द्वारा ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से हरीतिमा ढाणी में हजारों पौधे लगाए गए हैं।



इन पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल के कारण क्षेत्र में हरियाली बढ़ी है तथा वातावरण शुद्ध हुआ है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करते हुए कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद अमूल्य है, इसलिए पानी का दुरुपयोग रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने लोगों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा पूरे गांव की दीवारों पर पारंपरिक मांडणा कला को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इससे गांव की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी और गोपालपुरा की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान खेताराम, तिलोकाराम एवं गोपाल ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम का सफल संचालन एलडीसी ज्योति कछावा के नेतृत्व में किया गया। वहीं आचू, कमली, भंवरी, संतोष, ग्यारसी, सोहनी, नानुड़ी सहित अनेक महिलाओं ने लोकगीतों की प्रस्तुतियों के साथ पारंपरिक नृत्य कर कार्यक्रम को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# पाखर-चोडाकी में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

## -कथावाचक विष्णुदत्त ने 'सत्यम परम् धीमहि' मंत्र से की कथा की शुरुआत



**शफीक अली**

मंडावर (रॉयल पत्रिका)। उपखंड के पाखर-चोडाकी गांव स्थित देव बाबा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कथावाचक आचार्य विष्णुदत्त महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा को रवाना किया। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए पूरे गांव में भ्रमण करती हुई मंदिर परिसर पहुंचीं।

कथा प्रारंभ करते हुए आचार्य विष्णु दत्त महाराज ने बताया कि भागवत का शुभारंभ महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित 'सत्यम परम् धीमहि' मंत्र से होता है। मंगलाचरण के माध्यम से भगवान नारायण, नर नारायण, माता सरस्वती और वेद व्यास का स्मरण कर कथा का वाचन शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा श्रवण से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

यह आयोजन स्व. किशन सिंह खटाना के पुत्र सियाराम खटाना एवं समस्त परिवारजनों द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर सांवलिया भापुर, नवल सरपंच, सूबेदार बाबूलाल डोई, सूबेदार रामहरि सलेमपुर, हीरासिंह शहदपुर, मोहन सिंह शहदपुर, विक्रम राजपूत केशरी, रमेश चंद शर्मा जीबी स्कूल, रामावतार शर्मा पाखर, परमानंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नगर परिषद में भ्रष्टाचार व चयनात्मक कार्रवाई के सम्बंध में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

बारां (रॉयल पत्रिका)। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने नगर परिषद मंए व्याप्त भ्रष्टाचार एवं नेता प्रतिपक्ष दिलीप शाक्यवाल के खिलाफ की गई चयनात्मक कार्रवाई के संबंध में जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें मामले की वास्तविक जानकारी से अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करवाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, वरिष्ठ नेता पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, हरगोविंद जैन, जिला महामंत्री राकेश जैन, महावीर सिंह हाड़ा, पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामपाल मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष निर्मल माथोड़िया, जयेश गालव, गोविंद सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष ओपी पारेता तथा देहात अध्यक्ष अमरदीप सिंह केदाहेड़ी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का महापर्व, 1600 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



निवाणा/मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधायक मनीष यादव द्वारा तिगरिया स्थित PNB बैंक, झरवाल काम्प्लेक्स के पास में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में तिगरिया, बरवाड़ा, परमानपुरा, कालू का बास, नांगल - भरड़ा, म्हार खुर्द, निवाणा, देवथला, हाथनौदा, धवली, अमरपुरा, धानोता, आमलोदा, चारणवास, रावपुरा, नयाबास ग्राम पंचायतों के 1600 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान उनकी मेहनत और उपलब्धियों का गौरव है, जो अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर अपने माता-पिता, विद्यालय, समाज, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट संदीप चौधरी, प्रोफेसर प्रहलाद सहाय वर्मा, प्रोफेसर घनश्याम मीणा, प्रोफेसर एम.डी. गुर्जर, तहसीलदार हरिश यादव, आरएएस दीपक यादव, कर्मचारी संघ के सेवानिवृत्त अध्यक्ष जगदीश यादव तथा डॉ. रामसिंह सामोता ने विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश देव गुर्जर, नगर अध्यक्ष सुरेश मीणा, मुकेश खुड़ानिया, नगरपरिषद सभापति विष्णु सैनी, संगटन मंत्री रामेश्वर गौरैठा, इमरान मलिक, हेमचंद चौधरी, मंडल अध्यक्ष गजानंद रैगर, धोलू ठुकरान, गोपाल सेपट, महेश कुमावत, ब्लॉक उपाध्यक्ष हनुमान यादव, सरपंच नेमीचंद सैनी, रामनिवास यादव, उपसरपंच सीताराम जांगिड, एडवोकेट महावीर जिंदल, एसके डूडी, मुरलीधर बाडीगर, उपप्राचार्य मुकेश बबेरवाल, नन्दा महाराज, गजानंद बागडा, प्रभु वर्मा, डॉ विनोद सैनी, भँवर रैबारी, कानाराम धनवंत, सीताराम मीणा, मोठूराम, दिनेश सैनी, रज्जाक पठान, मनोहर सिंह, बजरंग सैनी, चांदमल कुमावत, रामनारायण कुलदीप, प्रकाश शर्मा, अंकित अग्रवाल, जुमा, जालिम जाट, डॉ. राकेश, ओमप्रकाश, शंकर नार, जगदीश, रवींद्र, जितेश, अशोक अटल, प्रभू अटल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कथा वाचक संत श्री आनंद चेतन जी महाराज वृन्दावन वाले द्वारा हिरण्यकशिपु वध

## -श्री कृष्ण जन्म कथा के माध्यम से श्रोताओं का मनमोहा

**शफीक अली**




महवा (रॉयल पत्रिका) । कस्बे के पंसारियों की बगीची पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से आयोजक निर्भय सिंह गुर्जर कुंदन उमरावल परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक संत श्री आनंद चेतन जी महाराज वृन्दावन वाले द्वारा सोमवार को हिरण्यकशिपु वध, श्री कृष्ण जन्म कथा के माध्यम से श्रोताओं का मनमोहा। आयोजक निर्भय सिंह गुर्जर उम्रवाल यह बताया कि महुवा उपखंड मुख्यालय पर उमरावल परिवार महुवा द्वारा कथा वाचक संत श्री आनंद चेतन जी महाराज वृन्दावन वाले द्वारा सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा के दौरान हिरण्यकशिपु वध, श्री कृष्ण जन्म कथा के माध्यम से श्रोताओं संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग में भगवान की भक्ति ही उनको सब मार्ग पर चलते हुए बैकुंठ धाम तक पहुंचा सकती है । इस दौरान उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से जहां पापों का नाश होता है, वही मनुष्य के जीवन में सर्वानंद होते हैं । भगवान ही सत्य है बाकी सब असत्य है । क्योंकि सब एक दिन मिट जाते हैं तो केवल भगवान ही हर समय हर युग में रहते हैं । सृष्टि आरम्भ से पूर्व और आज तक सिर्फ भगवान ही सत्य है, इसीलिए भगवान को सत्यनारायण कहते हैं । इस अवसर पर आयोजक निर्भय सिंह गुर्जर मनोज गुर्जर सहित कुंदन उमरावल परिवार के सदस्यों सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अलार्म जैसी आवाज निकालते हैं ये पक्षी

## -अफ्रीका से आए 100+ ब्लू चिक्ड बी ईटर, गर्मी में प्रजनन के लिए तालछापर को चुना, परिवार बढ़ाने के बाद नवंबर में लौट जाएंगे

## -ब्यूरो चीफ गजराज शर्मा स्पेशल रिपोर्ट ताल छापर अभयारण

छापर/चूरु (रॉयल पत्रिका)। भीषण गर्मी में अफ्रीका मूल के ब्लू चिक्ड बी ईटर नामक पक्षियों को पसंद है। इस प्रजाति के 100 से अधिक पक्षी पिछले कुछ दिनों में बीदासर के निकटवर्ती तालछापर अभयारण्य में डेरा डाल चुके हैं। ये पक्षी भीषण गर्मी में प्रजनन क्रिया करने अभयारण्य पहुंचे हैं। परिवार की संख्या में बढ़ोतरी करने के बाद नवंबर में वापस स्वदेश की उड़ान



भरेंगे वन्यजीव विशेषज्ञ अनिल कुमार पूनिया ने बताया कि इस पक्षी का वैज्ञानिक नाम मेरोपस प्रसिकस है। यह अत्यधिक सुंदर और रंगीन चिड़िया है। इनकी मधुर ड्रिप-ड्रिप अलार्म जैसी आवाज वातावरण को गुंजायमान करती है। चटख हरे रंग वाले इस पक्षी की चोंच व पैरों का रंग काला होता है। माथे पर हल्का नीला रंग, गले व चोंच तक पीला रंग होता है भीषण गर्मी में प्रजनन क्रिया करने ताल छापर अभयारण्य में आये है।

# कजानीपुर में सर्पदंश से महिला की मौत, परिवार में शोक

**हनीस शेख**



पटोंदा/कजानीपुर (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत कजानीपुर के बंजारों के मोहल्ले में एक महिला की सर्पदंश से मौत होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनेशी बंजारा (49), पत्नी मानसिंह, घर की छत पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सो रही थीं। इसी दौरान उन्हें किसी विषैले सर्प ने काट लिया। परिजनों के अनुसार महिला को तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। बाद में उनकी तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सर्प घर के आसपास दिखाई दिया था, जिसे बाद में लोगों ने मार दिया। हालांकि सर्प की प्रजाति की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और तीन पुत्रियों का परिवार छोड़ गई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। मांग करने वालों में गोविंद सिंह, विजय चंद, सियाराम, विष्णु जाट, हरि सिंह मीना तथा देवेंद्र गुर्जर सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# जनगणना कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित, प्रगणकों को दिए आवश्यक निर्देश

**हनीस शेख**

हिंडौन (रॉयल पत्रिका)। जिला जनगणना अधिकारी (कलेक्टर) एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी तथा चार्ज तहसीलदार हिंडौन के निर्देशानुसार रविवार को कांचरौली स्थित एमएलए होटल में जनगणना कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुपरवाइजर संतोष कुमार ने फुलवाड़ा-कांचरौली क्षेत्र के जनगणना प्रगणकों को कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्य की पूर्णता, अभिलेखों की जांच तथा चार्ज अधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक टिप्पणियों में सुधार सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।



सुपरवाइजर ने बताया कि क्षेत्र के 35 कच्चे एवं पक्के मकानों की गणना नजरी नक्शे की सीमा एवं जनगणना मानकों के अनुरूप दर्ज करना निर्धारित किया गया है। साथ ही जनगणना प्रश्नावली के प्रश्न संख्या 19 से 34 तक की पुनः जांच कर आवश्यक संशोधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनगणना प्रगणक शैलेंद्र तिवाड़ी, संजय भारद्वाज, कृष्णा बाबू शर्मा, भवानी शंकर गुप्ता, हुकम सिंह मीणा एवं धनसिंह मीणा उपस्थित रहे। सभी प्रगणकों को जनगणना कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए कहा गया।

# वंशिका गर्ग मौत प्रकरण: अग्रवाल समाज ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सौंपा ज्ञापन

## -एसडीएम महवा से मिले युवा जिलाध्यक्ष रोहित गर्ग, सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के प्रताप नगर में वंशिका गर्ग की मौत के बाद अग्रवाल समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अशोक गर्ग के नेतृत्व में जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान दौसा के युवा जिलाध्यक्ष रोहित गर्ग ने उपखंड अधिकारी महवा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वंशिका की मौत के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। युवा जिलाध्यक्ष रोहित गर्ग ने उपखंड अधिकारी से निवेदन किया कि एआईएस रेजिडेंसी के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं और पुख्ता सबूत इकट्ठा कर आरोपी को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डाला जाए। उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। समाज इस घटना से



आहत है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई चाहता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष महवा सतीश चंद गुप्ता, महामंत्री तारा चंद गोयल, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गोयनका, महवा युवा अध्यक्ष विजय सिंघल, महिला जिला महामंत्री रेनू गोयल, महिला इकाई अध्यक्ष आशा गुप्ता, एडवोकेट सुमन अग्रवाल, अखिलेश चौधरी, गणपत मंगल, पवन गोयल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। शाहपुरा साईवाड़ मोड़ त्रिवेणी घाम स्थित बलाई समाज छात्रावास में राजस्थान बलाई विकास संस्थान के संरक्षक गणपत वर्मा व अध्यक्ष डॉक्टर बी.डी. नेनावत के नेतृत्व में गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए पेयजल के लिए परिंडे लगाए। इन परिंडो में रोजाना पानी डालने की जिम्मेदारी छात्रावास में रहने वाले छात्रों को



दी गई है। सभी छात्रों को रोजाना रोज सुबह परिंडो में पानी डालने में बेजुबान परिंदों का जीवन बचाने की शपथ ली। इस मौके पर छात्रावास के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम बुनकर कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद वर्मा तथा छात्र सुरेश कुमार वर्मा कविराज वर्मा हनुमान प्रसाद राहुल वर्मा दीपेंद्र रतनलालआदि छात्र उपस्थित थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ 10 जुन से,खिलाडियों में उत्साह



शाहपुरा (रॉयल पत्रिका)। देवीपुरा ग्राम (भानीपुरा के जोहड) स्थित खेल मैदान में 10 जून से डॉ. भीमराव अम्बेडकर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं युवाओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 751 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11 हजार रुपए,उपविजेता टीम को 5100 रुपए का नकद पुरस्कार व आकर्षक ट्रॉफी प्रदान कि जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आसपास के गांवों सहित विभिन्न क्षेत्रों की टीमों को आमंत्रित किया गया है। बाहर से आने वाली टीमों के खिलाडियों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में विधायक,सरपंच,सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए ग्रामीण और युवा कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## ब्रीफ खबरें

# अलवीरा शेख 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 94.70 प्रतिशत अंक के साथ हुई उत्तीर्ण

**-परिवार ने नोटों की माला पहनाकर किया स्वागत**



बालाखेड़ा (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2026 में जारी 10 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बालाखेड़ा निवासी छात्रा अलवीरा शेख ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 94.70 प्रतिशत अंक प्राप्त करके परिवार ओर संस्थान का मान बढ़ाया है। छात्रा के पिता आरिफ शेख ओर माता हुस्नआरा ने बताया कि छात्रा अलवीरा पूरे साल कठिन परिश्रम और पढ़ाई के प्रति समर्पित रही ओर परिवार में होने वाले शादी ब्याह सहित कई प्रोग्राम में वो शामिल तक नहीं हुई। इसके अलावा मोबाईल फोन का भी इस्तेमाल बहुत कम किया। उत्तीर्ण होने पर छात्रा अलवीरा शेख का परिवार ने नोटों की माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। छात्रा के चाचा आशिक मोहम्मद ने बताया कि मां दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल रातडिया की छात्रा अलवीरा शेख सहित अन्य बच्चों को अध्यापकों द्वारा पढ़ाई में कोई कमी नहीं रखी गई, समय समय पर उनको शिक्षा के साथ सही दिशा निर्देश मिलते रहे। जिससे कि वो बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुई। अलवीरा शेख की इस कामयाबी पर छात्रा के दादा हाजी अब्दुल रशीद, दादी हज्जन आयशा बेगम, नाना उस्मान पठान बारां, नानी नफीसा बेगम, सलीम पठान, जुगनू पठान, इरफान पठान, अखलाक पठान, मामा मास्टर अलीम पठान, संजय पठान कार बाजार, असलम पठान, सलमान पठान, शोएब पठान, इमरान पठान, मुआज पठान सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर कर छात्रा को मुबारकबाद पेश की।

# दलित–अल्पसंख्यक एकता ही सामाजिक न्याय की मजबूत आधारशिला - इंसाफ अली आज़ाद

**-20 जुलाई को जंतर-मंतर पर दलितों एवं अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचारों के विरुद्ध होगा विशाल लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन**

नई दिल्ली (रॉयल पत्रिका)। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के राष्ट्रीय समन्वयक, अनुशासनात्मक समिति के सदस्य एवं गुजरात प्रदेश में अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी इंजीनियर इंसाफ अली आज़ाद के निजी सचिव द्वारा जारी वक्तव्य में बताया गया कि वर्तमान समय में दलितों और अल्पसंख्यकों की राजनीतिक, सामाजिक एवं वैचारिक एकजुटता देश की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है। जब तक समाज के वंचित, शोषित, पीड़ित एवं कमजोर वर्ग अपने संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक सम्मान और न्याय की रक्षा हेतु संगठित होकर एक मंच पर नहीं आएंगे, तब तक उनके विरुद्ध होने वाले अन्याय, भेदभाव एवं अत्याचारों का प्रभावी प्रतिरोध संभव नहीं हो सकेगा। इसी उद्देश्य को लेकर नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) मुख्यालय में आयोजित "Dalit–Minority Unity Meeting" में इंजीनियर इंसाफ अली आज़ाद ने सहभागिता कर अपने विचार व्यक्त किए। इस महत्वपूर्ण बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से दलित एवं अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सामाजिक न्याय, समान अवसर, संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, सामाजिक समरसता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों



पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की कि देश के विभिन्न हिस्सों में दलितों, अल्पसंख्यकों एवं अन्य वंचित वर्गों के विरुद्ध अत्याचार, भेदभाव एवं सामाजिक असमानता की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन परिस्थितियों में समाज के सभी प्रगतिशील एवं लोकतांत्रिक वर्गों को एकजुट होकर संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष करना होगा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 20 जुलाई 2026 को जंतर-मंतर, नई दिल्ली पर दलितों एवं अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचारों, सामाजिक भेदभाव एवं अन्याय के विरुद्ध एक विशाल लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के वंचित, पीड़ित एवं कमजोर वर्गों की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु जन-जागरण अभियान को गति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इंजीनियर इंसाफ अली आज़ाद ने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करता है। सामाजिक न्याय तभी वास्तविक रूप से स्थापित हो सकता है जब दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, पिछड़े वर्ग एवं समाज के अन्य वंचित समुदाय एकजुट होकर संविधान की मूल भावना—समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व—की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द, लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी प्रगतिशील शक्तियों का एक मंच पर आना समय की मांग है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है तथा भविष्य में भी समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य करती रहेगी।

# बार-बार पोल पर आग लगने से बड़ा हादसा होने का डर

**डॉ. तोहिद**



सुकेत (रॉयल पत्रिका)। सुकेत के रामगंज मंडी रोड स्थित कसाई मोहल्ले में पोल पर बार-बार आग लग जाती है। कई मर्तबा इसकी शिकायत विद्युत विभाग में की जा चुकी है, परंतु समस्या का कोई स्थाई हल नहीं हुआ है। विद्युत विभाग के कर्मचारी आते हैं, जले हुए तारों को ही जोड़ देते हैं, उसके बाद भी पोल पर आग लग जाती है। ऐसी परिस्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यदि पोल से आ रही केबिल को बदला जावे तो समस्या का पूर्ण समाधान हो सकता है।

# पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल के 52वें जन्मदिन पर हुआ 900 यूनिट रक्तदान

**-कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ओर शुभचिंतकों ने दी बधाई**

बारां (रॉयल पत्रिका)। अटरू - बारां के पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल का 52वां जन्मदिन शुक्रवार को कवाई कस्बे में हजारों कांग्रेसजनों एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से 900 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर अन्ता विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया तथा जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा ने अटरू-बारां के पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल को केक काटकर उनके 52वें जन्मदिन पर शॉल, श्रीफल, माल्यार्पण करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की



मंगल कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी। भाया दम्पति ने कहा कि पानाचन्द मेघवाल का सार्वजनिक जीवन जनसेवा, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। उन्होंने सदैव क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व और कार्यशैली ने कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ आमजन के बीच विश्वास और सम्मान अर्जित किया है। जन्मदिन ओर रक्तदान कार्यक्रम में बारां से जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हाजी अब्दुल गनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी, सेवादल के प्रदेश सचिव अशरफ देशवाली, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश कॉर्डिनेटर हाजी नासिर मिर्ज़ा, जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष शाहिद कुंडी, अधिवक्ता असलम भारती, अखलाक अंसारी, पूर्व प्रदेश सचिव रईस फैजी, नियाज़ मोहम्मद, रशीद अंसारी, मुन्ना पठान कनापुर, अहसान शेख सहित कई लोग मौजूद रहे।

# घर में ऑफिस - दुकान खोलने के सरकारी नियम जनता के हितों पर कुठाराघात - एसडीपीआई

कोटा (रॉयल पत्रिका)। सौशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के प्रदेश अध्यक्ष अशफ़ाक़ हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार से मांग की कि सौशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि राज्य की भाजपा सरकार प्रदेश में एक कानून लागु कर रही है जिसमें कोई भी अपने घरों में किसी भी प्रकार की दुकान - ऑफिस नहीं खोल सकता यदि कोई ऐसा करता है तो उसको पहले कानूनी नियम प्रक्रिया के तहत अनुमति लेनी पड़ेगी, इसलिए हमारा मानना है कि यदि यह कानून लागु हुआ तो मध्यम वर्गीय परिवारों को कई संकटों से प्रभावित होना पड़ेगा, क्यूंकि सरकारें तो वैसे ही रोज़गार नहीं दे पा रहीं हैं, बेरोज़गार शिक्षित युवा भी इस से गहरे अवसाद और निराशा ग्रस्त हैं, अब यदि उनके परिजन घर खर्च चलाने के लिए अपने घरों में



कुछ छोटा मोटा व्यापार करतें हैं या बेरोज़गार युवा अपने को आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर में कोई ऑफिस इत्यादि खोलतें हैं तो इस तरह के कानून से उन के हितों पर गहरा कुठाराघात होगा, साथ ही इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलेगा जिस से भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा, कुल मिलाकर इस तरह के कानून को लागु करने से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक भार भी बढ़ेगा और अन्य कई प्रकार की आर्थिक समस्याओं से भी जुझना पड़ेगा, इस से यह साबित होता है कि यह कानून जनता के हित में नहीं बल्कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार को ही बढ़ायेगा। हम राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अनुराध करते हैं कि इस अहितकारी कानून को राज्य में लागु करने से रोक लगाएं क्यूंकि जनता इस दौर में वैसे ही मंहगाई से त्रस्त है, अधिकतर लोगों ने नोटबंदी - कोविड के बाद बाज़ार की बुरी स्थिति से खुद को ठीक से संभाला भी नहीं है, यहाँ तक कि कई परिवार अभी भी बैंक लोन इत्यादि को चुकाने की समस्या से जूझ रहे हैं ऐसे में इन परिवारों पर यह कानून लागु किया गया तो उनकी आर्थिक और मानसिक स्थिति और भी बदतर हो सकती हैं। अतः इस कानून को राज्य में लागु नहीं किया जाना चाहिए।

# पानाचन्द मेघवाल के जन्मदिन पर अंजुमन सदर मन्नू पठान ने किया स्वागत



बारां (रॉयल पत्रिका)। अटरू-बारां के पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल का 52वां जन्मदिन शुक्रवार को कवाई कस्बे में हजारों कांग्रेसजनों, शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अन्ता विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया तथा जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा ने अटरू-बारां के पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल को केक काटकर उनके 52वें जन्मदिन पर शॉल, श्रीफल, माल्यार्पण करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय, यशस्वी एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बारां से अंजुमन सदर मन्नू पठान के नेतृत्व में पानाचंद मेघवाल का माला ओर पगड़ी पहनाकर ओर केक खिलाकर जन्मदिन पर मुबारकबाद पेश की। ओर उनकी लंबी उम्र को दुआ की। इस दौरान अंजुमन सदर मन्नू पठान, पूर्व कवाई पंचायत समिति डायरेक्टर अजीम पठान नायब सदर पार्षद जाकिर खान, रईस खान बर्तन, मास्टर रशीद अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर असावा की पहल पर माई हॉस्पिटल, क्लीन हॉस्पिटल थीम पर जिलेभर के स्वास्थ्य संस्थानों में चला मेगा सफाई अभियान

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा सफाई व्यवस्था को लेकर अत्यंत सतर्क एवं सक्रिय हैं। मानसून के आगमन से पहले उनके निर्देश पर नगर परिषद द्वारा पूरे शहर के सभी ब्लॉक्स में नाला सफाई, कचरा निस्तारण एवं जलभराव रोकथाम के कार्य युद्धस्तर पर कराए गए। इसी श्रृंखला में रविवार को कलक्टर असावा के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में माई हॉस्पिटल, क्लीन हॉस्पिटल थीम पर विशेष मेगा सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत जिला अस्पताल, उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी तथा सबसेंटर सहित अन्य चिकित्सा संस्थानों में व्यापक स्तर पर सफाई एवं सैनिटाइजेशन कार्य किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं संक्रमण-मुक्त वातावरण उपलब्ध



कराना तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद कुशवाह ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशों की पालना में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड बॉय, सफाई कर्मचारियों तथा अन्य कार्मिकों ने श्रमदान कर सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान अस्पतालों के वार्ड, ओपीडी, टॉयलेट, प्रयोगशालाएं, परिसर, प्रतीक्षालय, स्टोर कक्ष तथा आसपास के क्षेत्रों की गहन सफाई की गई। इसके अलावा अस्पतालों में उपयोग होने वाले उपकरणों, बेड, टेबल, कुर्सियों तथा अन्य संसाधनों को व्यवस्थित किया गया। सफाई के दौरान जाले हटाने, कचरा निस्तारण, फर्श धुलाई तथा अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई भी संपादित की गई। डॉ. कुशवाह ने कहा कि माई हॉस्पिटल, क्लीन हॉस्पिटल की भावना को आत्मसात कर ही मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। स्वच्छ अस्पताल न केवल संक्रमण के खतरे को न्यूनतम करते हैं, बल्कि मरीजों एवं उनके परिजनों में विश्वास एवं संतुष्टि का भाव भी बढ़ाते हैं। इसी उद्देश्य से सभी चिकित्सा संस्थानों में नियमित सफाई के साथ-साथ समय-समय पर विशेष अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर की सफाई से लेकर अस्पतालों की स्वच्छता तक, हर स्तर पर स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोगी बनें और अपने घर, मोहल्ले, कार्यस्थल तथा सार्वजनिक स्थानों पर सफाई बनाए रखें। अभियान के दौरान किए गए कार्यों की फोटो एवं रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की गई है। जिला प्रशासन ने इसे जनस्वास्थ्य एवं स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अनुकरणीय पहल बताया है।

# स्वच्छता पखवाड़ा एवं पॉलिथीन मुक्ति जन चेतना अभियान का शुभारंभ

**-पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को करें जागरूक : जिला कलक्टर**

बूंदी (रॉयल पत्रिका)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार 5 जून 2026 को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा एवं पॉलिथीन मुक्ति जन चेतना अभियान का कपड़े से निर्मित थैलों का विमोचन व वितरण कर शुभारंभ किया। जिला कलक्टर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सामुदायिक सेवा से जुड़े मृदुल अग्रज दल एवं स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष कर पॉलिथीन मुक्ति अभियान के प्रति जन चेतना बेहद आवश्यक है, इस मिशन में स्काउट गाइड अग्रदीप बनकर अपनी अहम भूमिका निभाएं व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता व पॉलीथीन मुक्ति हेतु आमजन को संकल्पित करें। इससे पूर्व सीओ स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा ने अभियान की जानकारी दी तथा जिला कलक्टर का स्काउट परंपरा अनुसार स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया। हेडक्वाटर



कमिश्नर प्रमोद श्रृंगी ने बताया कि इस अवसर पर स्काउट गाइड दल से संवाद करते हुए जिला कलक्टर ने संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रशंसा की व इस दिशा में आवश्यक सुझाव व दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सहायक पर्यावरण अभियंता दिलीप कुमार मीना, सीओ गाइड मधुकुमारी, संगठन के सहायक सचिव डॉ. सर्वेश तिवारी, कोषाध्यक्ष बुद्धि प्रकाश पुंडीर, ट्रेनिंग काउंसलर विश्वजीत जोशी, रजिया खातून सहित मृदुल अग्रज सेवा दल के देवप्रकाश ओझा, हंसराज चौधरी, सुखलाल चौधरी, राजेंद्र शर्मा, सुबोध गर्ग, धीरेंद्र सिंह, महावीर सेन तथा ओमप्रकाश शर्मा ने सहभागिता की।

# मुख्यनमंत्री जन आवास (शहरी) योजना की जिला कलक्टर ने की समीक्षा



बूंदी (रॉयल पत्रिका)। मुख्यधमंत्री जन आवास (शहरी) योजना के तहत गांधी ग्राम में स्थित आवासों के वर्तमान मौका स्थिति की जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने समीक्षा कर आवश्यसक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टजर ने निर्देश दिए कि सभी आवासों को पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किए जाए। जिन भी लाभार्थियों द्वारा पूर्ण भुगतान कर दिया गया है, उनके संबंध में शेष बची कार्यवाही पूरी करते हुए उन्हें आवास का कब्जा दिलवाया जावे। उन्हों ने कहा कि संवेदक की जिम्मेसदारी तय करते हुए शेष बचे निर्माण कार्य को भी पूर्ण करवाने के लिए प्रयास कराए जाएं। उन्होंरने निर्देश दिए कि एनसीसीएफ के साथ कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता के साथ कार्य को पूर्ण किया जावे। उन्होंरने कहा कि जिला प्रशासन का मुख्या उद्देश्यन आमजन को राहत पहुंचाना है। लाभार्थियों को उनके आवास दिलवाने के लिए सर्वोच्चि प्राथमिकता के साथ आपसी समन्वनय से कार्य किया जावे। उन्होंहने निर्देश दिए कि लंबित पट्टों के प्रकरणों में वरीयता अनुसार सभी लंबित पट्टों का शीघ्र निस्तायरण किया जावें। बैठक में केडीए के सलाहकार संदीप दंडवत, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, नगर परिषद के अधिशाषी अभियंता धर्मेन्द्रे मीणा सहित अन्या अधिकारी मौजूद रहे।

# वंदे गंगा अभियान जल स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम: प्रभारी मंत्री


**-विश्व पर्यावरण दिवस पर अभियान का समारोहपूर्वक समापन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान प्रदेश के जल स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। पानी की एक-एक बूंद को संरक्षित कर अभियान को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत जिले और प्रदेश में जल संरचनाओं के पुनरोद्धार और विकास के बड़े काम हुए हैं, जिसका लाभ आमजन को मिलेगा। जिला प्रभारी मंत्री देवासी ने यह बात शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर अंता क्षेत्र के अमलसरा स्थित वन विभाग की पर्यटक हट्स में आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत जिले में उल्लेखनीय कार्य किए गए और अभियान में पूरे प्रदेश में बेहतर रैंकिंग प्राप्त की गई है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी को पानी का सदुपयोग करते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक



जल स्रोतों और भूगर्भीय जल को संरक्षित रखने की दिशा में सहयोग देना चाहिए। साथ ही पौधारोपण करने के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनानी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने समारोह में सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने जल संसाधन विभाग द्वारा प्रकाशित अभियान से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने जिले में चलाए गए अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गंगा दशमी से शुरू किए गए इस अभियान में प्राचीन जल स्रोतों के रख-रखाव के साथ व्यर्थ बहने वाले वर्षा जल को संरक्षित करने की दिशा में अनेक उल्लेखनीय काम किए गए हैं। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज पूरबगोला ने अभियान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं उप वन संरक्षक विवेकानंद माणिकराव बड़े ने हरियालो राजस्थान के तहत किए जाने वाले पौधारोपण की तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। समारोह में लोक कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम के पश्चात प्रभारी मंत्री व अधिकारियों ने पर्यटक हट्स परिसर में पौधारोपण भी किया।



# 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

**मुंबई।** हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।' आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

हॉलीवुड मसाला



# वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।



# बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आई हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'



# को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं... पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



# अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है... और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

**नई दिल्ली।** भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

## कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?



**नई दिल्ली।** 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

# 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार



**मुंबई।** आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।' राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे। आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

# सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

**मुंबई।** सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर




खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

## टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

## हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

# 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*__मुंबई।__ राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



### फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

### कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

### क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

### संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

## पिता का बिजनेस ठप, परिवार दिवालिया

### बेटे ने किए छोटे-मोटे काम, खड़ा किया 300 करोड़ का नाम

**नई दिल्ली :** यह कहानी है शुभम गुप्ता की। वह मुंबई के रहने वाले हैं। न तो उन्होंने नामी कॉलेजों में पढ़ाई की है। न उनके पास विदेश की बड़ी-बड़ी डिग्रियां हैं। उनका सफर संघर्ष से सफलता की मिसाल है। शुभम ने एक कामयाब स्ट्रीटवियर ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसका नाम 'बॉन्कर्स कॉर्नर' है। यह ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इस ब्रांड का कारोबार 300 करोड़ रुपये पहुंच गया है। हालांकि, उनका यहां तक का सफर आसान नहीं था। इसमें कई चुनौतियां आईं। आइए, यहां शुभम गुप्ता की सफलता के बारे में जानते हैं।

शुभम गुप्ता का जन्म मुंबई के एक मिडिल-क्लास परिवार में हुआ था। उनके पिता टेक्सटाइल का बिजनेस करते थे। परिवार कई सालों तक मजे से रहा। लेकिन, 2011 में अचानक सबकुछ पूरी तरह बदल गया।



पिता का बिजनेस ठप, परिवार दिवालिया हुआ शुभम ने तब 12वीं क्लास पूरी ही की थी। कॉलेज जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उनके पिता का बिजनेस ठप हो गया। परिवार दिवालिया हो गया। रातों-रात उनकी आर्थिक स्थिरता खत्म हो गई।



हायर एजुकेशन ऐसा सपना बन गया जिसे पूरा करना नामुमकिन था। सीमित विकल्पों के बावजूद शुभम ने हार नहीं मानी। इसके बजाय उन्होंने खुद को और अपने परिवार को सहारा देने का फैसला किया। इसके लिए छोटे-मोटे पार्ट-टाइम काम शुरू किए। इस दौरान उन्होंने देखा कि युवाओं में स्ट्रीटवियर फैशन, खासकर ग्राफिक टी-शर्ट और हटकर कैजुअल स्टाइल के लिए दिलचस्पी बढ़ रही है।

### 2014 में शुरू किया अपना ब्रांड

मौका भांपते हुए शुभम ने अपनी थोड़ी-बहुत बचत का इस्तेमाल करके लोकल मार्केट से बेसिक टी-शर्ट खरीदीं। फिर उन्हें खुद बेचना शुरू कर दिया। जो काम एक छोटे से साइड-बिजनेस के तौर पर शुरू हुआ था, वह जल्द ही एक बड़े बिजनेस में बदल गया। 2014 में शुभम गुप्ता ने औपचारिक रूप से 'बॉन्कर्स कॉर्नर' को लॉन्च किया। उनका विजन ऐसा किफायती स्ट्रीटवियर बनाना था जो त्रद्भ्रु- ग्राहकों के बोल्ड और बेबाक अंदाज को दिखाए। कई ब्रांड्स के उलट जो इंटरनेशनल ट्रेंड्स की नकल करते थे, शुभम ने भारतीय युवा संस्कृति से जुड़ी पहचान बनाने पर फोकस किया। न बड़ा इन्वेस्टमेंट, न भारी-भरकम मार्केटिंग खर्च बिना किसी बड़े इन्वेस्टमेंट या मार्केटिंग बजट के उन्होंने धीरे-धीरे एक-एक ऑर्डर के साथ ब्रांड को आगे बढ़ाया। उनकी स्ट्रेटेजी किफायती कीमतों पर क्वालिटी वाले प्रोडक्ट देने और साथ ही एक खास स्ट्रीट-स्टाइल लुक बनाए रखने पर फोकस्ड थी।

**शार्क टैंक इंडिया के जज रह गए हैरान-** शुभग गुप्ता के एंटरप्रेन्योरियल सफर पर तब ज्यादा लोगों का ध्यान गया जब वह 'शार्क टैंक इंडिया' में शामिल हुए। तब तक 'बॉन्कर्स कॉर्नर' का रेवेन्यू 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका था। यह 140 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रहा था। टीवी शो में ब्रांड पिच के दौरान शुभम गुप्ता ने बताया कि कंपनी की वैल्यूएशन लगभग 300 करोड़ रुपये है। इससे अनुपम मित्तल और नमिता थापर समेत सभी इन्वेस्टर्स हैरान रह गए।

# डीए में 2 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान

### जुलाई की सैलरी में कर्मचारियों को मिलेगी खुशखबरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों को अब साल की दूसरी छमाही के महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में बढ़ोतरी का इंतजार है। इस माहौल के बीच देश के अलग-अलग राज्य अपने कर्मचारियों के लिए भत्ते का ऐलान कर रहे हैं। इसी कड़ी में असम की नई सरकार ने भी राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दी है।

**कितना बढ़ा डीए-** असम में जीत के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में ष्ठ और ष्ठक्र को मौजूदा 58 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी करने का फैसला लिया गया है। अब बढ़ी हुई दर का लाभ जून 2026 के वेतन के साथ दिया जाएगा। इसका भुगतान जुलाई 2026 में होगा। इस फैसले से लाखों राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स को महंगाई के दौर में अतिरिक्त वित्तीय राहत मिलेगी। बता दें कि फरवरी महीने में चुनाव से ठीक पहले असम सरकार ने अपने कर्मचारियों की सैलरी और भत्तों की समीक्षा के लिए 8वें असम वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी थी। इस फैसले का राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के घर के बजट, रिटायरमेंट प्लानिंग और लोन लेने की योग्यता पर सीधा असर पड़ सकता है। वेतन आयोग की अध्यक्षता पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव सुभाष चंद्र दास कर रहे हैं और इसमें सात अन्य सदस्य भी शामिल हैं।

### केंद्रीय कर्मचारियों को भी इंतजार

केंद्रीय कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का इंतजार है। यह बढ़ोतरी जुलाई से दिसंबर छमाही के लिए होगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो सरकार भत्ते में 3 पर्सेंट की बढ़ोतरी कर सकती है। बता दें कि पिछली छमाही यानी जनवरी से जून तक के लिए भत्ते में 2 पर्सेंट की बढ़ोतरी की गई थी। वहीं, अब जुलाई से दिसंबर छमाही के लिए भत्ते में 3 पर्सेंट का इजाफा होने की उम्मीद है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई जबकि खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 4.20 प्रतिशत तक पहुंच गई। खाने-पीने की चीजों (दूध, सब्जियां और अन्य जरूरी सामान), बिजली और ईंधन (डीजल और पेट्रोल) की बढ़ती कीमतें घरों के बजट पर दबाव डाल रही हैं। ऐसे में ष्ठ में बदलाव से महंगाई की मार झेल रहे मध्यम-वर्गीय परिवारों, कम आय वाले समूहों और रोजाना सफर करने वालों को काफी राहत मिल सकती है।

## ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में उछाल का फायदा उठा रहा है रूस

### पुतिन का जवाब, भारत का किया जिक्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ किया है कि रूस चाहता है कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष जल्द से जल्द खत्म हो। उन्होंने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि ईरान से जुड़े तनाव और अहम ग्लोबल शिपिंग रूट में रुकावट के कारण तेल की कीमतें बढ़ने से मॉस्को को फायदा होता है। सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में पुतिन ने कहा कि ईरान के लोगों ने मौजूदा संकट के दौरान एकता और हिम्मत दिखाई है। भविष्य में किसी भी समझौते में उनके हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। वह बोले, 'इसमें कोई शक नहीं कि ईरान के लोगों ने साबित कर दिया है कि उनके हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने एकजुटता और लड़ने का जज्बा दिखाया है। हम अपने ईरानी दोस्तों के संपर्क में हैं। उम्मीद करते हैं कि इसका नतीजा सकारात्मक होगा।'



**हालात से फायदा उठाने की अटकलों का किया खारिज-** इलाके में अस्थिरता के कारण तेल और गैस की कीमतें बढ़ने से रूस को फायदा हो सकने की अटकलों पर पुतिन ने इस दावे को खारिज कर दिया। कहा कि रूसी ऊर्जा कंपनियों को होने वाला कोई भी फायदा अस्थायी होगा।

# मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच बड़ी खुशखबरी, भारत को मिला गैस का भंडार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने अंडमान ऑफशोर बेसिन में एक नई नेचुरल गैस की खोज की है। यह ऐसे समय में हुआ है जब कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और जियोपॉलिटिकल तनाव ग्लोबल एनर्जी सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ा रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस खोज लिए ऑयल इंडिया को बधाई दी है। कंपनी ने बताया कि उसे अपने तीसरे एक्सप्लोरेटरी वेल (खोज के लिए खोदे गए कुएं), विजयपुरम-3 में गैस मिली है। इसे ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी के तहत ब्लॉक में खोदा गया था।

### कुएं की यह है लोकेशन

यह कुआं अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किलोमीटर दूर, 355 मीटर गहरे पानी में खोदा गया था। इस खोज के साथ ऑयल इंडिया ने अब तक ब्लॉक में खोदे गए तीन एक्सप्लोरेटरी वेल में से दो में हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी का पता लगा लिया है। कंपनी ने कहा कि इओसीन फॉर्मेशन में 1,900 मीटर से अधिक की गहराई पर शुरुआती प्रोडक्शन टेस्टिंग से नेचुरल गैस की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। ओआईएल ने अपनी फाइलिंग में कहा, 'इओसीन फॉर्मेशन में 1900 मीटर से अधिक की गहराई पर कुएं की शुरुआती प्रोडक्शन टेस्टिंग से लगातार फ्लेयरिंग के जरिए नेचुरल गैस की मौजूदगी का पता चला है।'






**अभी इन चीजों का लगाया जा रहा पता-** कंपनी के अनुसार, परफोरेशन के तुरंत बाद कुएं से प्रोडक्शन शुरू हो गया। ऑपरेशन शुरू होने के कुछ ही समय बाद प्रेशर बढ़ने लगा। ऑयल इंडिया अभी गैस के कंपोजिशन, कैलोरीफिक वैल्यू और ओरिजिन का पता लगाने के लिए गैस सैंपलिंग कर रही है। कंपनी ने कहा, 'शुरुआती आकलन के अनुसार, यह मौजूदा प्रॉस्पेक्ट में सोर्स, माइग्रेशन पाथवे या हाइड्रोकार्बन के जमाव की मौजूदगी का एक अहम संकेत है। इससे भविष्य के एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।'

**दूसरी बड़ी कामयाबी-** यह नई खोज सितंबर 2025 में विजयपुरम-2 एक्सप्लोरेटरी वेल में नेचुरल गैस मिलने की खबर के बाद हुई है। ऑयल इंडिया ने बताया कि उसने पहले की खोज के लिए पहले ही एक अप्रेजल प्रोग्राम शुरू कर दिया है। कंपनी ने ब्लॉक में उपलब्ध 2ष्ठ सिस्मिक डेटा की रीप्रोसेसिंग और अतिरिक्त 600 वर्ग किलोमीटर के 3ष्ठ सिस्मिक डेटा का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। सिस्मिक डेटा की प्रोसेसिंग और इंटरप्रिटेशन का काम अभी चल रहा है। इसके बाद अप्रेजल वेल खोदने की योजना है। ऑयल इंडिया के मुताबिक, चूंकि अंडमान शैलो ऑफशोर ब्लॉक में चल रहे एक्सप्लोरेशन कैंपेन के दौरान हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी का यह दूसरा मामला है। इसलिए हम अपने महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर्स को इसकी जानकारी देना चाहते हैं।'

### पेट्रोलियम मंत्री ने जाहिर की खुशी

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'अंडमान सागर में ऊर्जा के अवसरों का भंडार! यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'ऑयल इंडिया लिमिटेड' की ओर से अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से 15 किमी दूर, 355 मीटर की गहराई पर खोदे गए 'श्री विजयपुरम-3' नाम के एक्सप्लोरेटरी वेल में प्राकृतिक गैस मिली है।' उन्होंने कहा कि प्राकृतिक गैस की यह मौजूदगी हमें ग्लोबल डीप-वॉटर एक्सप्लोरेशन एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर अपने एक्सप्लोरेशन के टारगेट को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। 'अमृत काल' की हमारी यात्रा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगी!

## आरसीसीपीएल मैहर द्वारा ग्रामों में पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**मैहर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एम.पी. बिरला आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर की सामाजिक विकास शाखा द्वारा प्लांट एवं माइंस क्षेत्र के ग्रामों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम भैसासुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्री प्रीतम सिंह बुंदेला, आरसीसीपीएल के कमर्शियल विभाग से श्री सुमित अग्रवाल एवं श्री मनोज सिंह, ग्राम सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, किशोरी बालिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्लोबल वार्मिंग, पृथ्वी बचाओ एवं पर्यावरण संरक्षण विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता से किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों एवं किशोरियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

इसके उपरांत लक्ष्मी सिंह द्वारा सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में ग्राम सरपंच श्री प्रीतम सिंह बुंदेला ने कहा कि ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणजन पर्यावरण संरक्षण तथा ग्राम को स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे तथा इस दिशा में आरसीसीपीएल के प्रयासों को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

# भारत की प्रगति के साथ आगे बढ़ते हुए आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

RSPL
EVOLUTION IS CONSTANT

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। यह केवल एक कंपनी की स्वर्णिम यात्रा नहीं, बल्कि उस भारत की कहानी भी है जिसने पिछले पांच दशकों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और नवीनता के बल पर विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव भारत में बना, भारतीयों के लिए बना के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है।

यही भावना उसे देश के करोड़ों परिवारों से जोड़ती है। देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है।

आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर श्री मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा 50 वर्षों की इस प्रेरणादायक यात्रा में आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरुआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जैसे-जैसे हम लाइफस्टाइल और फूड श्रेणियों में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य बेहतर गुणवत्ता, नवीनता और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराना है।

## एचडीएफसी बैंक का परिवर्तन कार्यक्रम पूरे उत्तर भारत में 3.26 लाख एकड़ से ज़्यादा खेत को पराली जलाने से बचाने में बना मददगार

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के ज़रिए, सीआईआई फाउंडेशन के साथ मिलकर, अपनी फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) पहल में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। 2025 के सीज़न में, पंजाब और हरियाणा के कुल 3,78,425 एकड़ खेतों में से 88 फ़ीसदी खेतों को पराली जलाने से बचाया गया।

पंजाब के लुधियाना और संगरूर ज़िलों, और हरियाणा के फतेहाबाद ज़िले के 380 से ज़्यादा गांवों के 86,000 किसानों तक पहुँचने वाला यह कार्यक्रम, उत्तर भारत में खेती से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए निजी क्षेत्र की एक व्यापक और असरदार कोशिश है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कहा, पराली जलाना सिर्फ़ एक कृषि आदत नहीं है, यह एक व्यवस्थागत चुनौती है जिसकी जड़ें अर्थव्यवस्था, पहुंच और जागरूकता में हैं। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की सीआईईई फाउंडेशन के साथ साझेदारी ने इन तीनों पहलुओं को एक साथ संबोधित किया है।

इस कार्यक्रम की सफलता का आधार सामुदायिक टूल बैंक का दृष्टिकोण 450 से अधिक कृषि मशीनें है जिनमें खरीदी गई बेलर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर और मित्र सीडर शामिल हैं और 140 से अधिक किसान सहकारी समितियों तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओज़) को दान की गईं, जिससे ये मशीनें किसानों को किफायती किराए पर उपलब्ध हो सकीं।

# क्षितिज पॉलीलाइन लिमिटेड ने ओमकार स्पेशियलिटी केमिकल्स अधिग्रहण से संबंधित सभी भुगतान दायित्वों को पूरा किया

**मुंबई, एजेंसी।** प्लास्टिक शीट्स, फिल्म्स एवं संबद्ध पॉलिमर उत्पादों के अग्रणी निर्माता क्षितिज पॉलीलाइन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन, रणनीतिक विस्तार योजनाओं तथा महत्वपूर्ण अधिग्रहणों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सभी प्रमुख वित्तीय मानकों पर प्रभावशाली वृद्धि हासिल की। ऑपरेशन से प्राप्त राजस्व 46.3 प्रतिशत बढ़कर 44.75 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 30.58 करोड़ रुपये था। वहीं कुल आय 32.38 करोड़ रुपये से बढ़कर 46.92 करोड़ रुपये हो गई।

कंपनी का कर पूर्व लाभ 3.97 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में 9.47 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया गया था। इसी प्रकार कर पश्चात लाभ 3.55 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को 9.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। कंपनी प्रबंधन के अनुसार यह सुधार ऑपरेशन दक्षता में वृद्धि, उत्पादन क्षमता के बेहतर उपयोग, बाजार में मजबूत उपस्थिति तथा वित्तीय अनुशासन का परिणाम है। कंपनी ने बताया कि ओमकार स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड के अधिग्रहण से संबंधित सभी भुगतान दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर लिया गया है। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई पीठ द्वारा स्वीकृत समाधान योजना के अनुरूप पूरी की गई है। वर्तमान में अंतिम एनसीएलटी आदेश एवं आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं की प्रतीक्षा है। कंपनी का मानना है कि यह अधिग्रहण स्पेशियलिटी केमिकल्स क्षेत्र में उसकी उपस्थिति को मजबूत करेगा तथा राजस्व विविधीकरण, बेहतर मार्जिन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन के नए अवसर प्रदान करेगा। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी ने अपने विनिर्माण ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश बढ़ाया तथा उत्पादन क्षमता का विस्तार किया। विस्तारित विनिर्माण सुविधाओं में ऑपरेशन शुरू हो चुका है, जिससे बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने और भविष्य की विकास योजनाओं को गति देने में मदद मिलेगी। सतत विकास को केंद्र में रखते हुए कंपनी ने प्लास्टिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में भी विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसके तहत उन्नत रीसाइक्लिंग मशीनरी एवं प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने की योजना पर कार्य जारी है। इस पहल का उद्देश्य रीसाइक्लिंग क्षमता बढ़ाना, सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करना, पर्यावरणीय मानकों को मजबूत करना तथा नए राजस्व स्रोत विकसित करना है। कंपनी का मानना है कि रीसाइक्लिंग एवं पर्यावरणीय अनुपालन को लेकर बढ़ती नियामकीय सख्ती के कारण इस क्षेत्र में संगठित कंपनियों के लिए भविष्य में व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। क्षितिज पॉलीलाइन ने दिवाला एवं शोधन अक्षमता प्रक्रिया के तहत एनएसई एवं बीएसई में सूचीबद्ध बीआईएल व्यापार लिमिटेड के लिए भी एक समाधान योजना प्रस्तुत की है। कंपनी लगातार ऐसे रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन कर रही है जो विकास की गति बढ़ाने, व्यवसाय के विस्तार और शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन में सहायक हों।

वर्तमान में कंपनी प्लास्टिक शीट एवं फिल्म निर्माण, पॉलिमर प्रोसेसिंग, स्पेशियलिटी केमिकल्स, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग, रणनीतिक अधिग्रहण और अन्य मूल्यवर्धक कॉर्पोरेट अवसरों को शामिल करते हुए एक विविधीकृत व्यावसायिक प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है। कंपनी का विश्वास है कि यह बहुआयामी विकास रणनीति सतत विस्तार को समर्थन देने के साथ किसी एक व्यवसाय पर निर्भरता भी कम करेगी।

वर्ष 2008 में स्थापित क्षितिज पॉलीलाइन लिमिटेड भारत की अग्रणी विनिर्माण, आपूर्ति एवं निर्यातक कंपनियों में से एक है। कंपनी पॉलीप्रोपाइलीन शीट्स, ऑफिस फाइल एवं फोल्डर्स, लैमिनेशन उत्पाद, बाइंडिंग शीट्स, नेक लैनयार्ड्स, कार्ड होल्डर्स सहित विभिन्न उत्पादों का निर्माण करती है। गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और निरंतर नवाचार के बल पर कंपनी ने देश और विदेश के ग्राहकों के बीच मजबूत पहचान बनाई है तथा भारत के प्रमुख निर्माताओं में अपना स्थान स्थापित किया है।

# क्रूड के दाम में सुस्ती चंडीगढ़ में पेट्रोल 101 तो डीजल 89 के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार दो दिनों से कच्चा तेल सस्ता ही होता जा रहा है। मानक ब्रेंट क्रूड के दाम 93 डॉलर प्रति बैरल तक गिरे है। लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां ने आज यानी शनिवार, 6 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद से ही पेट्रोलियम कंपनियां 11 दिनों में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था।



**4 महानगरों में पेट्रोल का दाम-** तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है।

**डीजल की कीमत क्या है-** सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है।

**क्रूड ऑयल में मामूली तेजी-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को भी मानक ब्रेंट क्रूड के दाम घटे हैं। इसके दाम में 2.04 फीसदी या 1.94 डॉलर की कमी दिख रही है। इस सप्ताह के अंतिम दिन कारोबार की समाप्ति के समय यह 93.09 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करता दिख रहा था। डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम में भी 2.69 फीसदी की कमी दिख रही है।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षाबलों ने संदिग्ध ठिकाने पर की फायरिंग

**राजौरी।** जिले के गंभीर मुगला क्षेत्र के डोरिमल गंभीर मुगला के जंगलों में आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका के बीच सुरक्षा बलों का संयुक्त तलाशी अभियान लगातार 16वें दिन भी जारी रहा। सुरक्षाबलों ने शनिवार को भी जंगलों को खंगाला और एक संदिग्ध ठिकाने पर गोलीबारी भी की। सूत्रों के अनुसार, अभियान के दौरान सेना ने संदिग्ध गतिविधियों वाले एक स्थान पर एहतियातन फायरिंग के बाद दूसरी ओर से कोई जवाबी फायरिंग नहीं हुई। आतंकियों की तलाश जारी है।



### बदरीनाथ से लौट रही कार और टेंपो की भिड़ंत

**कर्णप्रयाग।** बदरीनाथ हाईवे पर कालेश्वर में एक कार की टेम्पो ट्रैवलर से भिड़ंत हो गई। वाहनों की भिड़ंत से मौके पर हड़कंप मच गया। लेकिन गनीमत रही कि इस दौरान किसी को भी चोट नहीं लगी। जानकारी के अनुसार, बदरीनाथ से लौट रही कार अचानक से अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेम्पो ट्रैवलर से टकरा गई। भिड़ंत के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी लोगों को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।



### मूल्य स्थिरीकरण कोष का फैसला स्वागत योग्य

**रियो डी जेनेरियो।** अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने भारत सरकार द्वारा विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतें स्थिर रखने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का कोष बनाने के निर्णय की सराहना की है। आईएटीए के निदेशक (एनर्जी ट्रांजिशन) हेमंत मिस्त्री ने कहा कि बढ़ती ईंधन लागत से निपटने के लिए यह एक बेहतरीन समाधान है, जिससे एयरलाइन कंपनियों के लिए दरों की अनिश्चितता कम होगी।




### एनएसए डोभाल से भी मिले नेपाल के विदेश मंत्री

# जयशंकर से मिलते ही बदले नेपाल के सुर भारत को बताया अपना रणनीतिक साझेदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

◀ दोनों पक्ष संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमत

◀ ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति से लेकर खेल पर भी चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के अपने समकक्ष शिशिर खनल के साथ बैठक की। इस दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं। इन संबंधों की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए आपसी जुड़ाव को निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने विकास सहयोग, संपर्क, व्यापार और पारगमन, ऊर्जा और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। हालांकि, उनकी यह यात्रा नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह की ओर से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर हाल में की गई टिप्पणियों से उपजे विवाद के बाद हुई हुई।

द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विदेश मंत्री ने दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और कल्याण के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावना को दोहराया।



उत्साह के साथ हुई मुलाकात

#### भारत के साथ संबंधों को पहली प्राथमिकता: नेपाल

बैठक में खनल ने कहा कि नेपाल भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और बालेन शाह के नेतृत्व वाली सरकार नई दिल्ली के साथ ठोस और सार्थक बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम पुरानी बातों का बोझ नहीं उठाते और अपने करीबी पड़ोसी और सबसे महत्वपूर्ण साझेदार के साथ वास्तव में परिवर्तनकारी संबंध बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। क्षेत्र में अपने समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में नेपाल भारत के लिए महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेताओं ने सदियों पुराने रोटी-बेटी के संबंधों का अक्सर उल्लेख किया है।

#### *भारत-नेपाल के बीच यूपीआई लिंक लॉन्च*

*दोनों देशों के समकक्षों के साथ हुई बैठक के दौरान भारत और नेपाल के बीच यूपीआई और नेपाल के नेशनल पेमेंट सिस्टम को जोड़ा गया। इससे दोनों देशों के लोगों के लिए सीमा पार पैसा भेजना आसान होगा।*

#### भारत ने नेपाल को 84 प्रोजेक्ट सौंपे

विदेश मंत्री जयशंकर ने 2015 के भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यक्रम के तहत नेपाल को 72 स्वास्थ्य सुविधाएं और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं सहित कुल 84 परियोजनाएं वर्चुअली सौंपीं। मीटिंग के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनल के साथ अच्छी मीटिंग के बाद, 2015 के भूकंप के बाद रिकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम के तहत 72 स्वास्थ्य सुविधाओं और 12 कल्चरल हेरिटेज प्रोजेक्ट वर्चुअली सौंपे गए। उन्होंने कहा, क्रॉस-बॉर्डर पर्सनल रेमिटेंस को आसान बनाने के लिए यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भारत और नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस ऑफ नेपाल के बीच मिलकर लिंकेज लॉन्च किया गया। दोनों नेताओं ने नेपाल के लिए 'वॉयस फर्स्ट' लैंग्वेज ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म के लिए नेशनल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलकर बनाने के लिए डिजिटल इंडिया भाषानी और काठमांडू यूनिवर्सिटी के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) एक्सचेंज किया।

#### डील पर लगी मुहर

मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और नवोन्मेष, स्टार्टअप, डिजिटल, वित्तीय प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की हाल की पहलों का स्वागत किया। उसने कहा कि मंत्रियों ने बहुआयामी भारत-नेपाल साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास तेज करने तथा इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमति जताई। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने खनाल के साथ अपनी बातचीत को सार्थक बताया और कहा कि अनूठी भारत-नेपाल साझेदारी पर विस्तृत चर्चा में विकास को लेकर सहयोग, संपर्क, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, संस्कृति और खेल शामिल रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि हमारे लोगों की पारस्परिक प्रगति, समृद्धि और कल्याण के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

### अमेरिकी अभियानों पर रख रहे थे नजर

## होर्मुज में फिर बढ़ा तनाव: यूएस ने मार गिराए ईरान के कई ड्रोन

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी पहुंचे तेहरान



एजेंसी ⏭ तेहरान

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान के दो हमलावर ड्रोन को मार गिराया है। मध्य पूर्व में अमेरिकी अभियानों की निगरानी रखने वाले अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सेंट्रल कमांड ने बताया कि मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सेना ने इन वन वे अटैक ड्रोन को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

इसमें कहा गया कि ये ड्रोन रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। सेंट्रल कमांड ने अपने बयान में कहा, रविवार सुबह, मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना ने ईरान के दो वन वे अटैक ड्रोन को मार गिराया, जिनसे होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात को खतरा था। बयान में आगे गया कि अमेरिकी सेना आई अलर्ट पर है और इलाके में आगे के खतरों का सामना करने के लिए तैयार है। ईरानी ड्रोन को ऐसे समय में निशाना बनाया गया है, जब पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी तेहरान पहुंचे हैं।

#### *ईरान का कुवैत और बहरीन पर हमला*

*इसके बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के ठिकानों पर मिसाइलें दागीं जिसके जवाब में तेहरान ने कुवैत और बहरीन पर हमले किए। शनिवार को कुवैत और बहरीन दोनों ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोकने की घोषणा की। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दक्षिणी ईरान में केशम द्वीप और सिरिक काउंटी पर पहले हुए अमेरिकी हमलों के बदले में कुवैत में अली अल सलेम एयर बेस और बहरीन में अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट हेडक्वार्टर पर हमला करने की पुष्टि की।*

#### पाक के गृह मंत्री का तीसरा दौरा


अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिश कर रहा है। हाल के सप्ताह में नकवी का ईरान का यह तीसरा दौरा है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद टकराव की घटनाएं हुई हैं। इसके पहले शनिवार को अमेरिकी सेना ने ईरान की तरफ से दागी गई छह मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने का दावा किया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर बताया कि ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से छह को अमेरिकी सेना ने रोक लिया। जबकि सातवीं मिसाइल अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई। सेना ने कहा कि अमेरिकी कर्मियों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची है।

### ट्रंप की टेक टीम को बड़ा झटका

## व्हाइट हाउस के एआई सलाहकार श्रीराम कृष्णन ने दे दिया इस्तीफा!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वह अमेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके इस्तीफे को ट्रंप प्रशासन की टेक नीति के लिए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। श्रीराम कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि वह जून के आखिर में अपना पद छोड़ देंगे और कुछ समय के ब्रेक के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे।



#### एआई के एक्शन प्लान में रही बड़ी भूमिका

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर काम किया।

### लॉरेंस गैंग ने ली पुर्तगाल में 'गोलीबारी' की जिम्मेदारी

**लिस्बन।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पुर्तगाल में रह रहे भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर हाल ही में हुई गोलीबारी की दो घटनाओं की जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही एक पोस्ट में, खुद को कुख्यात सुनील मीणा गैंग का सदस्य राहुल आरके मीणा बताने वाले एक व्यक्ति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले अपराधी समूहों के गठबंधन की ओर से इन सुनियोजित हमलों की जिम्मेदारी ली। इस पोस्ट में पुर्तगाल के विला नोवा डी मिलफोंट्स में गुरप्रीत सिंह गिल के घर पर हाल ही हुई गोलीबारी और पुर्तगाल के सिंट्र में गुरदीप सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति पर 6 मई को हुए हमले का जिक्र है।



### अमेरिका के फिलाडेल्फिया में भारतीय युवक की हत्या, पिज्जा डिलीवरी के बाद अंशुल को मारी गोली



**नई दिल्ली।** तेलंगाना के एक 28 साल के भारतीय व्यक्ति की फिलाडेल्फिया में पिज्जा डिलीवर करने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना कथित तौर पर एक फर्जी ऑर्डर के कारण हुई। मृतक अमेरिका में पार्ट-टाइम पिज्जा डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम कर रहा था। पीड़ित की पहचान अंशुल कुंचा के तौर पर हुई है। वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करता था और अतिरिक्त कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर पार्ट-टाइम काम करता था।

### सबसे जोखिम भरे मिशन पर हैं तैनात

हजारों महिलाओं और लड़कियों से जुड़कर उन्हें कौशल प्रशिक्षण दिया

## मेजर अभिलाषा बराक को यूएन जेंडर एडवोकेट अवॉर्ड, पीएम ने दी बधाई

मेजर बराक भारत की तीसरी महिला अधिकारी हैं, जिन्हें यह अवॉर्ड मिला

शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों का लाभ दिलाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित 'संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनकी 'उत्कृष्ट सेवा' की सराहना की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मेजर बराक का यह सम्मान संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत के लंबे योगदान को दर्शाता है।



#### सपनों का कोई जेंडर नहीं होता: मेजर अभिलाषा

सम्मान मिलने पर मेजर बराक ने कहा, सपनों का कोई जेंडर नहीं होता, और न ही नेतृत्व, साहस या मानवता की सेवा करने की इच्छा शक्ति का कोई जेंडर होता है। बता दें कि भारतीय सेना की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट मेजर बराक यह सम्मान पाने वाली तीसरी भारतीय महिला सैन्य अधिकारी हैं।

#### क्या होता है यूएन मिलिट्री जेंडर

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शांति मिशनों में एक बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी या पद होता है। इसका सीधा संबंध युद्ध या संघर्ष वाले इलाकों में लैंगिक समानता और महिलाओं की सुरक्षा व भागीदारी को बढ़ावा देने से है। इनका मुख्य काम युद्ध या दंगों के दौरान महिलाएं और बच्चियां सबसे ज्यादा असुरक्षित होती हैं। उनके खिलाफ होने वाली हिंसा और उत्पीड़न को रोकना होता है और स्थानीय महिलाओं से बात करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था व विकास से जोड़ना है।

SR COMPUTERS
297, 1st Floor, Doongri House, Indira Bazar jaipur
9024808043
7891317868
sr.computer8@gmail.com


Computer Repair Service
✓ All Computer Repairing and Selling
✓ Computer Hardware Networking Solution
✓ Peripherals AMC & CCTV
✓ All Software Total IT Solution

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com